
नई दिल्ली, शनिवार 15 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष -11 ■ वर्ष : 29, अंक : 212 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 26 न्यून.12 haribhoomi.com

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



बिहार में एनडीए की जीत के बाद दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की। पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकारा और उन्हें संबोधित किया।

भाजपा मुख्यालय में जीत का जश्न मनाते हुए मोदी ने कांग्रेस और राजद पर साधा निशाना

## एनडीए की जीत से गदगद पीएम मोदी बोले: 'बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया'

**पीएम का तंज: कांग्रेस का आधार अब सिर्फ नकारात्मक राजनीति, कभी ईवीएम पर सवाल, कभी चुनाव आयोग को गाली**

**कहा, बिहार के लोगों ने समृद्ध बिहार और विकसित बिहार के लिए मतदान किया**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत को ऐतिहासिक जनादेश बताते हुए कहा कि 'बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया।' नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों ने विकसित बिहार के लिए मतदान किया है।

बिहार के लोगों ने समृद्ध बिहार के लिए मतदान किया है। मैंने चुनाव प्रचार के दौरान, बिहार की जनता से रिकॉर्ड वोटिंग का आग्रह किया था और बिहार के लोगों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। मैंने बिहार के लोगों से एनडीए को प्रचंड विजय दिलाने का आग्रह किया था, बिहार की जनता ने मेरा ये आग्रह भी माना। महागठबंधन पर तंज कसते हुए उन्होंने राज्य को आश्वासन दिया कि कट्टा सरकार कभी वापस नहीं आएगी और राज्य भविष्य में अभूतपूर्व विकास देखेगा। भाजपा मुख्यालय में बिहार के जनादेश के बाद जश्न मनाया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेता पार्टी मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री एनडीए में शामिल दलों के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिले जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत के लिए मुख्यमंत्री नीतीश ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जीत का नया एमवाई फॉर्मूला महिला और यूथ

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी बोले, मैं लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी, भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी को भी आदरपूर्वक नमन करता हूं। कर्पूरी ठाकुर जी के गांव में मैंने बिहार में चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। आज की विजय संकल्पित कर रही है कि बिहार के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। पुरानी कहावत है लोहा लोहे को काटता है। बिहार में कुछ दलों ने तुष्टिकरण वाला एमवाई फॉर्मूला बनाया था। पर आज की इस जीत ने एक नया सकारात्मक एमवाई फॉर्मूला दिया है। ये है महिला और यूथ का। उन्होंने कहा कि मैं आज बिहार के युवाओं का विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं। मैं जनता को नमन करता हूं। मैं सभी को नमन करता हूं। साथियों मैं एनडीए की पूरी टीम को भी बधाई देता हूं। नीतीश जी ने काफी काम किया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ने बहुत काम किया। हमारे मांझी जी, कुशवाहा जी और चिराग जी ने बेहतरीन लीडरशिप दिखाई है। पीएम ने एनडीए के कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि बूथ लेवल पर उनके तालमेल में अद्भुत प्रदर्शन दिखा। पीएम ने कहा कि मैं देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं का हृदय से अभिनंदन करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की प्रचंड जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हर किसी का मत दर्ज हुआ, हर किसी ने अपनी पसंद से मत दिया। पीएम बोले, रीपोलिंग के आंकड़े भी इस बदलाव की गवाही देते हैं। पहले बिहार में ऐसा कोई चुनाव नहीं रहता था, जहां रिपोल नहीं होता था। जैसे 2005 से पहले सैकड़ों जगह पर रिपोलिंग हुई थी। 1995 में 1500 से ज्यादा बूथों पर रिपोलिंग हुई थी। साल 2000 के चुनाव में भी करीब 1500 जगहों पर फिर से चुनाव कराना पड़ा था। लेकिन जैसे ही जंगलराज गया, वैसे ही स्थितियां ठीक होती गईं। इस बार दो चरण के चुनाव में कहीं भी रिपोल करने की नौबत नहीं आई। इस बार शांतिपूर्ण मतदान हुआ है और इसके लिए मैं चुनाव आयोग, चुनाव से जुड़े हर कर्मचारी, हमारे सुरक्षाबल, बिहार के जागरूक मतदाता और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस का आधार नकारात्मक राजनीति

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आधार अब सिर्फ नकारात्मक राजनीति हो गया है। चाहे चौकीदार चोर का नारा हो या संसद का सत्र बर्बाद करना। हर संस्थान पर वार करना। कभी ईवीएम पर सवाल। कभी चुनाव आयोग को गाली। कभी वोट चोरी का मनगढ़ंत आरोप। धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांटना। देश के बजाय देश के दुश्मनों के एजेंडे को आगे लाना। कांग्रेस के पास देश के लिए कोई सकारात्मक नजरिया नहीं है। आज कांग्रेस मुस्लिम लीगी-माओवादी कांग्रेस बन गई है। यानी एमएम कांग्रेस बन गई है।

## 2010 के बाद एनडीए की सबसे बड़ी विजय...देश बोला- ई त गजब हो गईल

# बिहार में 'नमो' सुनामी

**202 / 243**

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

बिहार चुनाव को लेकर आए एग्जिट पोल लगभग सही साबित हुए। नतीजों में तेजस्वी व राहुल के महागठबंधन की जबरदस्त दुर्दशा हुई। वहीं, भाजपा व जेडीयू ने जबरदस्त जीत दर्ज की। एक तरह से यह एनडीए की ऐतिहासिक जीत थी तो महागठबंधन की ऐतिहासिक हार। मतदाताओं ने ऐसी नमो सुनामी चलाई कि राहुल-तेजस्वी और यहां तक जनसुराज के प्रशांत किशोर तक को कोई ठौर नहीं मिला। इस जीत में साफ फर्क नजर आया कि एनडीए ने वोटर्स के लिए काम किया और महागठबंधन ने वोट के लिए। नतीजों पर वोट चोरी के मुद्दे ने उल्टा ही असर डाल दिया। जबकि, एनडीए के विकास और सुशासन के नारे ने राज्य में जाति की राजनीति की धज्जियां उड़ा दीं। यह पहली बार ही हुआ कि वोटर्स ने जाति नहीं, विकास देखा। सुशासन देखा। एनडीए की जीत में महिलाओं ▶▶ शेष पेज 5 पर



पटना भाजपा कार्यालय के बाहर जीत का जश्न

### बिहार और आगे बढ़ेगा : नीतीश



सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि बिहार विधान सभा चुनाव 2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद।

### चुनाव शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था: राहुल



लोकसभा नेताप्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि महागठबंधन जीत हासिल नहीं कर सका क्योंकि चुनाव की प्रक्रिया शुरुआत से ही निष्पक्ष नहीं थी। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे और प्रयासों को प्रभावी बनाएंगे।

### बिहार चुनाव

कुल सीट- 243
बहुमत- 122

| दल | सीटें |
| --- | --- |
| **एनडीए** | **202** |
| भाजपा | 89 |
| जेडीयू | 85 |
| **महागठबंधन** | **35** |
| आरजेडी | 25 |
| कांग्रेस | 06 |
| **अन्य+** | **06** |

### ये दिग्गज जीते

राघोपुर — तेजस्वी यादव — जीते


मोकामा — अनंत कुमार — जीते


तारापुर — सम्राट चौधरी — जीते


अलीनगर — मैथिली ठाकुर — जीतीं


लखीसराय — विजय कुमार सिन्हा — जीते


रघुनाथपुर — ओसामा साहब — जीते


### ये दिग्गज हारे

महुआ — तेज प्रताप यादव — हारे


छपरा — खेसारीलाल यादव — हारे


चनपटिया — मनीष कश्यप — हारे


दरभंगा — पुष्पम प्रिया — हारीं


कुम्हरार — केसी सिन्हा — हारे


दीघा — दिव्या गौतम — हारीं


## कौन बनेगा सीएम?

### बिहार के नतीजे ने बताया 'देश का मूड'

## 'विकसित बिहार' में विश्वास रखने वालों की जीत : शाह



एनडीए की प्रचंड जीत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये विकसित बिहार में विश्वास रखने वालों की जीत है। ये पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस है। शाह ने कहा कि ज्ञान, परिश्रम और लोकतंत्र की रक्षक 'बिहार भूमि' की जनता को कोटि-कोटि नमन। बिहारवासियों द्वारा एनडीए को यह प्रचंड जनादेश, बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की एनडीए की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है। बिहारवासियों का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खेलने वाले घुसपैठियों और उनके हितैषियों के खिलाफ मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है।

### बिहार भाजपा प्रभारी के बयान ने बढ़ाईं अटकलें

## क्या नीतीश कुमार नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री?



एनडीए की तरफ से कौन मुख्यमंत्री बनेगा? बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े से जब सवाल किया गया कि एनडीए की तरफ से बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा? इस सवाल के जवाब में तावड़े ने कहा कि समय पर सब पता चल जाएगा। तावड़े के इस बयान ने अटकलें और कयासों को बल दे दिया है कि क्या नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। और भाजपा अपना कोई नेता सीएम फेस के लिए आगे करेगा। तावड़े ने कहा कि हमने बिहार का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### महागठबंधन के सहयोगी दलों की ऐसी दुर्गति

## जिन्हें डिप्टी सीएम बनना था उनका खाता भी नहीं खुला



मुकेश सहनी ने साल 2018 में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) का गठन किया था। यह पार्टी निषाद-मल्लाह समुदाय के हितों की पैरोकार होने का दावा करती है। बिहार में इस समुदाय की कुल आबादी महज 2.6 प्रतिशत ही है। मुकेश सहनी महागठबंधन के डिप्टी सीएम पद के चेहरे थे, लेकिन उनकी पार्टी के खराब प्रदर्शन ने उनकी राजनीतिक संभावनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। वीआईपी को मिली सीटों में से पांच पर तो उसे महागठबंधन की सहयोगी पार्टियों सीपीआई, सीपीआईएमएल, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 16 अक्टूबर से शुरू कर दिया था बिहार में चुनाव प्रचार

## 84% रहा सीएम डॉ. यादव का स्ट्राइक रेट, 25 में से 21 सीटें जीतीं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव से बिहार को लेकर जो उम्मीद की थी, उसमें वे पूरी तरह से खरे उतरे। उन्हें बिहार विधानसभा चुनाव में यादव बाहुल्य सीटों में यदुवंशियों को जोड़ने की जवाबदारी सौंपी गई थी। यह अपेक्षा पूरी करने में वे काफी हद तक सफल रहे। डॉ. यादव ने बिहार चुनाव में 25 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था। इन सीटों पर उनका स्ट्राइक रेट 84 फीसदी रहा। 25 में से 21 सीटों पर एनडीए उम्मीदवार जीतने में सफल रहे। उन्होंने 16 अक्टूबर से ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए की लहर: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एनडीए की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस ने राजद को डुबाने का काम किया है। देश ने प्रधानमंत्री मोदी की विकासपरक राजनीति वर्ष 2014 से देखी है। हरियाणा, महाराष्ट्र और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बिहार ने इस चुनाव में 'परिवर्तन' नहीं, बल्कि 'स्थिरता' को प्राथमिकता दी और यही पूरे परिणाम का सार

**सबसे बड़ी चुनौती महागठबंधन की अंदरूनी असहमति और नेतृत्वहीनता रही**

# लालू कहा करते थे- राज करब त ठोक के करब...ये नतीजा बताता है कि बिहार अब ऐसी सामंती सोच से बाहर आ चुका है

### एनडीए ने अपने मुद्दों को सुसंगत रखा, संगठन और विश्वसनीय नेतृत्व को चुनाव की धुरी बनाया



राजेश रंजन
वरिष्ठ पत्रकार, पटना

एक्सपर्ट व्यू

बिहार चुनाव के नतीजों ने इस आकलन को सही साबित कर दिया कि महागठबंधन का कमजोर प्रदर्शन किसी आकस्मिक घटना का परिणाम नहीं है। सही मायनों में कहें तो यह महीनों से बन रहे उन राजनीतिक संकेतों का निष्कर्ष था, जिनसे उनकी हार साफ झलक रही थी। चुनाव अभियान के दौरान महागठबंधन न केवल रणनीतिक एकजुटता बनाने में विफल रहा, बल्कि जनता के बीच एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में भी खुद को प्रस्तुत नहीं कर पाया। महागठबंधन की रणनीतिक बिखराव, नेतृत्व की अस्पष्टता, जमीन पर कमजोर संगठन और जनता से टकराव में पड़ती चुनावी भाषा ने उसके अभियान को लगातार कमजोर किया। दूसरी ओर एनडीए ने मुद्दों की स्पष्टता, नेतृत्व की विश्वसनीयता और संगठित चुनावी ढांचे के सहारे एक अपेक्षाकृत सहज जीत दर्ज की। बिहार ने इस चुनाव में परिवर्तन नहीं, बल्कि स्थिरता को प्राथमिकता दी और यही पूरे परिणाम का सार है।

सबसे बड़ी चुनौती महागठबंधन की अंदरूनी असहमति और नेतृत्वहीनता रही। कांग्रेस और राजद के बीच तालमेल शुरुआत से ही डगमगाता दिखा। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के बाद तेजस्वी यादव का अलग यात्रा निकालना इस दरार को और स्पष्ट करता है। टिकट बंटवारे से लेकर संयुक्त सभाओं तक, हर स्तर पर समन्वय की कमी खुलकर सामने आई। तेजस्वी यादव का खुद को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का दबाव और कांग्रेस की मजबूरी में इसे स्वीकार करना रणनीतिक तालमेल से अधिक भीतर की उलझनों को उजागर करता है। स्थिति तब और जटिल हुई जब वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने खुद को डिप्टी सीएम फेस बताने की कोशिश की, जिससे गठबंधन की एकजुटता पर और सवाल खड़े हुए।

### नीतीश की विश्वसनीयता एनडीए के लिए एक 'स्थिर स्तंभ' बनी

एनडीए की चुनावी मशीनरी बेहद संगठित, केंद्रित और आक्रामक दिखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक, शीर्ष नेतृत्व ने जंगलराज, आंतरिक सुरक्षा, घुसपैठ और स्थिर शासन जैसे मुद्दों को फिर से धारदार बनाया। शाह की बिहार में निरंतर मौजूदगी, सीट-वार समीकरणों की प्रत्यक्ष निगरानी और असंतुष्ट नेताओं से व्यक्तिगत संवाद, इन सभी ने एनडीए को बढ़त दिलाई। एनडीए ने न केवल अपने मुद्दों को सुसंगत रखा, बल्कि जमीनी स्तर के संगठन और विश्वसनीय नेतृत्व को चुनाव की धुरी बना दिया। महागठबंधन की कथा मतदाताओं से जुड़ नहीं पाई। एसआईआर जैसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 42 लाख से अधिक नकदी बरामद

# एटीएम धोखाधड़ी में शामिल तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की तिलक नगर पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे 42.57 लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई है। पकड़े गये आरोपियों के नाम सिमरन संधू (48), संजीव अरोड़ा उर्फ सनी (51) और विक्की टंडन (44) बताये गये हैं। नकदी के अलावा आरोपियों से 16 एटीएम कार्ड, स्कूटी और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किये गये।

पुलिस के अनुसार 12 नवंबर को विष्णु गार्डन निवासी सिमरन संधू (48) को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह स्कूटी से एटीएम नकदी निकालने पहुंचा था। पुलिस ने संधू के पास से 50 हजार रुपये नकद, तीन एटीएम कार्ड, एक मोबाइल फोन और एक स्कूटर बरामद किया। संधू ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसने



संजीव अरोड़ा उर्फ सनी और विक्की टंडन द्वारा कथित तौर पर दिए गए फर्जी एटीएम कार्ड का इस्तेमाल करके पैसे निकाले थे। उसने यह भी दावा किया कि उसे हर एटीएम कार्ड से पैसे निकालने पर 1,200 रुपये कमीशन के तौर पर दिए जाते थे। इसके आधार पर पुलिस ने अरोड़ा को गिरफ्तार किया, जो एटीएम कार्डों का मुख्य संचालक और आपूर्तिकर्ता था। उसके पास से 11 एटीएम कार्ड और 42.07 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। अरोड़ा साइबर अपराध को अंजाम देने वाला आदतन अपराधी है और उसे 2016 में सीबीआई तथा इस साल की शुरुआत में जबलपुर पुलिस द्वारा भी साइबर धोखाधड़ी के मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि मोती नगर निवासी विक्की टंडन (44) को भी पैसे निकालने के लिए पर्याप्त बैलेंस वाले बैंक खातों की जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से दो एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। टंडन के खिलाफ सीबीआई (2016) और जबलपुर पुलिस (2025) भी मामलों में पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ के दौरान तीनों ने खुलासा किया कि वे एक एटीएम धोखाधड़ी मॉड्यूल के रूप में काम करते थे, जिसमें अरोड़ा जाली एटीएम कार्ड की व्यवस्था करता था। टंडन खाते का विवरण देता था और संधू पैसों की निकासी करता था। पुलिस ने बताया कि दो अन्य संदिग्ध जिनकी पहचान शुभम और महेंद्र के रूप में हुई है, वे फरार हैं और उनका पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## द्वारका में टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो बदमाश पकड़े

नई दिल्ली। द्वारका में प्रतिद्वंद्वी को खत्म करने की साजिश रच रहे तिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गिरोह के सदस्यों के साथ संपर्क करने के लिए 'एनक्रिप्टेड एप्लिकेशन' का इस्तेमाल करते थे। कुछ युवक गत दिनों ही इस गिरोह में भर्ती हुये थे। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार सूचना मिली थी कि अंबराही गांव के कुछ युवक बदमाशी के चक्कर में लगे हुये हैं। उनके पास हथियार भी है। सूचना को पुख्ता करते हुये एक टीम ने धुलसिरस चौक के पास पार्थ नामक युवक को रोका। उसके पास से एक पिस्तौल, गिरोह के संचार के लिए कथित रूप से इस्तेमाल होने वाला 'जंगी ऐप' वाला मोबाइल फोन और द्वारका दक्षिण थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। पार्थ की निशानदेही पर अंबराही गांव के पास से विक्रांत को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक और पिस्तौल तथा दो कारतूस बरामद हुये। पूछताछ के दौरान पार्थ ने बताया कि उसकी अपने गांव के कुछ लोगों से निजी दुश्मनी थी और उसने मदद के लिए गिरोह से संपर्क किया था। गिरोह ने उसे हथियार और नकदी मुहैया कराई और उसे और युवकों को गिरोह में शामिल करने के लिए कहा। पुलिस के अनुसार सफाईकर्मी विक्रांत भी पैसों के लिए गिरोह में शामिल हुआ था। मामले में जांच जारी है।

## प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ एक दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम वीरेंद्र सिंह बताया गया है। पुलिस ने इसके पास मेडिकल स्टोर से 291 ग्राम कैप्सूल ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड, 12 ग्राम टैबलेट अल्प्राजोलम, 13 एम्पुल पेंटाजोसीन इंजेक्शन और 29 बोतल कोडीन फॉस्फेट सिरप बरामद की है। आरोपी दवाइयां अधिकतम खुदरा मूल्य से तीन गुना अधिक कीमत पर बेचता था। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार दिल्ली में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए एएनटीएफ, क्राइम ब्रांच की टीम क्षेत्र में सूचनाएं जुटा रही थी। इसी दौरान एसआई विकास दीप को गुप्त सूचना मिली कि वीरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति नशीली दवाओं की तस्करी में लिप्त है। इसके बाद टीम को पता चला कि दुकान नंबर दो, प्लॉट नंबर-3ए, गोपाल नगर, खैरा मोड़, नजफगढ़ में स्थित मून मेडिकोज से नशेड़ियों को अवैध रूप से नशीली दवाएं बेची जाती है। इसके बाद टीम ने छापेमारी की और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दवाईयां भी बरामद की गई।

## 23 विदेशी नागरिकों को वापस भेजने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को द्वारका में कथित तौर पर अवैध रूप से ठहरे 23 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है और उन्हें वापस भेजने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार जिले में उन विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए जांच को तेज किया गया है जो अपने वीजा की अवधि से अधिक समय तक देश में रुके हुए हैं या वैध दस्तावेज के बिना भारत में रह रहे हैं। पुलिस के अनुसार एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान बिंदापुर, डाबडी और मोहन गार्डन पुलिस थानों की टीमों ने 23 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। इन 23 लोगों में से 15 नाइजीरिया, चार सेनेगल, दो आइवरी कोस्ट, एक तंजानिया और एक लाइबेरिया का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद सभी विदेशी नागरिकों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें वापस भेजने का आदेश दिया। जल्द ही सभी को डिपोर्ट कर दिया जाएगा।


### एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

CIN-L65100DL1993PLC053936 पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली–110001, भारत
Website: www.fmecinternational.com Email:fmecinternational@gmail.com, finance@fmecinternational.com Contact: 011-49954225

30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.09.2025 अअंकेक्षित | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2025 अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.09.2024 अअंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आय | 217.68 | 415.09 | 168.92 |
| कर से पूर्व लाभ | 52.03 | 95.93 | 75.39 |
| कर के बाद लाभ | 38.92 | 71.77 | 56.42 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | - | - | - |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 889.18 | 889.18 | 889.18 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | - |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) | | | |
| बेसिक | 0.4377 | 0.8072 | 0.6345 |
| डायल्यूटिड | 0.4377 | 0.8072 | 0.6345 |

**टिप्पणी** : उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 13 नवम्बर 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के अनुसरण में वैधानिक अंकेक्षक द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन है। कम्पनी के वित्तीय परिणाम समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी सरकुलर्स, दिशा-निर्देशों और निर्देशों के साथ-साथ भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज तथा समय-समय पर संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
(अपूर्व बंसल)
प्रबंध निदेशक
निवासी : ए-708, यूनेस्को अपार्टमेंट 55, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, ईस्ट, दिल्ली-110092
डीआईएन : 08052540

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 13 नवम्बर, 2025



### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त की गई ऋण राशि के तहत बकाया राशि का भुगतान करने के लिए एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगे।

| ऋण अकाउंट नं. | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता | नीलामी तिथि |
|---|---|---|---|
| 383262002147 | राहुल राहुल | आईसीआईसीआई बैंक लि., बाबा रणधीर मंदिर के पास, निकट मास्टर प्लाजा, वार्ड नंबर 10, भूना, जिला-फतेहाबाद, हरियाणा-125111 | 26-नव.-2025 |
| 381005000852 | हरि सिंह | आईसीआईसीआई बैंक लि., बागड़ी कॉम्प्लेक्स, निकट राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, मंडी रोड, डींग मंडी, जिला सिरसा, हरियाणा-125058 | |
| 140105002179 | रूपा शर्मा | आईसीआईसीआई बैंक लि., 21/5 मील पत्थर मथुरा रोड, अग्रवाल वुड इंडस्ट्रीज, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004 | |
| 140105002180 | रूपा शर्मा | | |
| 739305000189 | अजय अजय | आईसीआईसीआई बैंक लि., यूनिट नं. 1बी, यूजीएफ, टावर-ए, मिलेनियम प्लाजा कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-27, गुरुग्राम - 122002, हरियाणा | |
| 050362004308 | अतिलाश कुमार | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नं. 10, डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेंटर, जींद, हरियाणा-126102 | |
| 214605003301 | समीर अमासिह | आईसीआईसीआई बैंक लि., मीना बाजार, टोहाना रोड, रतिया, फतेहाबाद जिला, हरियाणा- 125051 | |
| 419062000763 | राजेश राजेश | आईसीआईसीआई बैंक लि., फौजी मार्केट, निकट बीएसएनएल एक्सचेंज, सिवानी रोड, तोशाम, जिला- भिवानी, हरियाणा - 127040 | |
| 360405000915 | रिंकू रिंकू | आईसीआईसीआई बैंक लि., पंडित गौरी शंकर कॉम्प्लेक्स, ट्रेजरी रोड, उकलाना मंडी जिला हिसार, हरियाणा-125113 | |

नीलामी तालिका में ऊपर वर्णित तिथि/यों को और पता/पतों पर आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे। कृपया ध्यान दें कि यदि उपरोक्त नीलामी अपूर्ण रह जाती है, तो इसको किसी पूर्व सूचना के बिना बैंक द्वारा पुनःआयोजित किया जाएगा।

इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/ओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 15.11.2025
स्थान : भिवानी, गुरूग्राम, हिसार, जीन्द, सिरसा, फरीदाबाद, फतेहाबाद

हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# फोन हैकिंग और दुर्लभ सिक्कों की चोरी के शक में किरायेदार की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुभाष प्लेस इलाके में फोन 'हैकिंग' और दुर्लभ सिक्के चुराने के संदेह में मकान मालिक द्वारा कथित तौर पर किए गए हमले से एक किराएदार की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल है। आरोपी का नाम इरशाद (31) बताया गया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वह जिम में 'टर्मिन इंजेक्शन' का इस्तेमाल करने का आदी बताया जाता है। हमले के दौरान भी उसने इसका उपयोग किया हुआ था।

डीसीपी भीष्म सिंह ने कहा कि नौ नवंबर को पीड़ित तमन्ने अपने दो परिचितों के साथ सुभाष प्लेस थाने पहुंचा और आरोप लगाया कि उसके मकान मालिक ने उसकी पिटाई की। वह जल्द ही बेहोश होने लगा और उसे भगवान महावीर अस्पताल



ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक लॉरेंस रोड स्थित एक फैक्टरी में काम करता था और शकूरपुर में रहता था। उसके सहकर्मी नाजिम ने जांचकर्ताओं को बताया कि पीड़ित और उसके साथ कमरे में रहने वाले वीरेंद्र को उनके मकान मालिक इरशाद ने फोन हैकिंग और दुर्लभ सिक्कों की चोरी के संदेह में बुधवार और बृहस्पतिवार तक दो दिन बंधक बनाकर रखा और जमकर पीटा। नाजिम ने बताया कि दोनों किसी तरह शुक्रवार सुबह उसके चंगुल से निकलकर भागने में सफल हुए और अपने घर पहुंचे। इसके बाद पेट में दर्द की शिकायत के चलते अगले दो दिनों तक तमन्ने का विभिन्न क्लीनिक में इलाज किया गया। नाजिम ने पुलिस को बताया कि दूसरा पीड़ित वीरेंद्र डर के कारण बिहार स्थित अपने पैतृक गांव भाग गया। आरोपियों को पकड़ने के लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश के एटा, कासगंज और अलीगढ़ सहित कई स्थानों पर छापे मारे गए। पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर 11 नवंबर को रोहिणी से इरशाद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने दोनों पीड़ितों पर हमला करने की बात कबूल की और दावा किया कि उसे शक है कि वे वजीरपुर स्थित उसके कारखाने में हुई डकैती से जुड़े सबूत मिटाने के लिए उसका फोन हैक करने की कोशिश हुई थी।

# नकदी और आभूषण चुराने के आरोप में घरेलू सहायक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक घरेलू सहायक को नोएडा में अपने नियोक्ता के घर से कथित तौर पर आठ लाख रुपये से अधिक की नकदी और लगभग 16 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नेपाल भागने की फिराक में था। उसे आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान नेपाली मूल के गणेश घरती मगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर ने सूचना दी कि दो दिनों से दिल्ली में छिपा आरोपी कश्मीरी गेट से नेपाल जाने वाली बस में सवार होने की योजना बना रहा है। एक टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान नोएडा में रसोइया और घरेलू सहायक के रूप में काम करने वाले मगर ने 10 नवंबर को अपने मालिक के घर से नकदी और गहनों से भरा एक नीला बैग चुराने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि उसने 8.25 लाख रुपये नकद और लगभग 16 लाख रुपये के सोने के आभूषण चुराए। पुलिस ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और उस पर लगभग 11 लाख रुपये का कर्ज था। वह चोरी की गई नकदी में से 15,000 रुपये खर्च कर चुका है।


### IST LIMITED

Regd. Office: Dharuhera Industrial Complex, Delhi- Jaipur Highway No.8, Kapriwas, Dharuhera, Rewari (Haryana)-123106
Head Office: A-23, New Office Complex, 2nd Floor, Defence Colony, New Delhi-110024
CIN: L33301HR1976PLC008316 Phone No.: 011-41044511-14; Fax: 011-24625694; Email:istgroup.ho@gmail.com; Website: www.istindia.com

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2025**

(Amount in INR Lakhs, Except EPS)

| Sl No | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year ended | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year ended |
| | | 30.09.2025 Unaudited | 30.06.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited | 30.09.2025 Unaudited | 30.06.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited |
| 1 | Total Income | 48.57 | 4,076.46 | 2,093.28 | 4,125.03 | 3,677.30 | 6,277.23 | 4,777.00 | 10,177.47 | 6,993.96 | 14,954.47 | 14,835.75 | 22,251.80 |
| 2 | Net Profit before exceptional items and tax | (707.34) | 3,353.77 | 1,276.68 | 2,646.43 | 2,317.62 | 3,703.74 | 3,711.71 | 9,153.06 | 5,610.31 | 12,864.77 | 12,494.38 | 17,731.77 |
| 3 | Net Profit after exceptional items before tax | (707.34) | 3,353.77 | 1,276.68 | 2,646.43 | 2,317.62 | 3,703.74 | 3,746.33 | 9,151.90 | 5,637.40 | 12,898.23 | 12,516.44 | 17,764.31 |
| 4 | Net Profit after tax | (615.89) | 2,841.79 | 1,357.47 | 2,225.90 | 2,170.84 | 3,346.11 | 2,862.69 | 7,234.76 | 4,711.98 | 10,097.45 | 9,986.14 | 13,992.71 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Net of Tax) | (616.89) | 2,840.79 | 1,357.46 | 2,223.90 | 2,170.82 | 3,342.11 | 1,157.21 | 12,419.61 | 5,957.50 | 13,576.82 | 12,092.46 | 16,081.27 |
| 6 | Equity Share Capital (Face Value Rs. 5/- per share) | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 |
| 7 | Other Equity | - | - | - | - | - | 27,348.67 | - | - | - | - | - | 1,46,737.74 |
| 8 | Earnings Per Share (Face Value Rs. 5/- per share) | | | | | | | | | | | | |
| | - Basic (Rs.) | (5.28) | 24.36 | 11.64 | 19.08 | 18.61 | 28.69 | 24.84 | 62.02 | 40.40 | 86.57 | 85.61 | 119.96 |
| | - Diluted (Rs.) | (5.28) | 24.36 | 11.64 | 19.08 | 18.61 | 28.69 | 24.84 | 62.02 | 40.40 | 86.57 | 85.61 | 119.96 |

NOTES:
1. The above is an extract of the detailed format of the Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2025 filed with the Stock Exchange (BSE Ltd.) under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and company's website www.istindia.com.

Place : New Delhi
Dated : 13th November, 2025

By order of the Board
Sd/-
(S.C. Jain)
Executive Director
DIN: 00092079


## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने प्रगति मैदान और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। शुक्रवार से भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर) शुरू होने जा रहा है। राजधानी में सोमवार को लाल किले के पास हुये बम धमाके के बाद एहतियातन दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा पुख्ता की है। व्यापार मेला 27 नवम्बर तक चलेगा। हर रोज करीब 60 हजार आगंतुकों के आने का अनुमान है। इसके चलते मेले स्थल के आसपास बहुस्तरीय जांच, कड़ी निगरानी और यातायात प्रतिबंध लागू किए गए हैं। पुलिस के अनुसार सुरक्षा के लिए अतिरिक्त कर्मी, यातायात पुलिस और विशेष इकाइयां तैनात की गई हैं। त्वरित प्रतिक्रिया बल और श्वान दस्ते नियमित तलाशी एवं खोजबीन कर रहे हैं, जबकि सीसीटीवी निगरानी के दायरे को भी बढ़ाया गया है। सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर कड़ी सुरक्षा रखी गई है। दिल्ली यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मेले के दौरान परिवहन मार्गों में बदलाव और पार्किंग प्रतिबंध लागू रहेंगे। यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी गई है। लाल किले के पास विस्फोट के बाद शहर में सुरक्षा के लिए पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ रही है। राजधानी की सभी सुरक्षा इकाइयों को अधिकतम सतर्कता बरतने, रैंडम जांच करने और भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों और परिवहन केंद्रों के आसपास गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

## 12 सौ किलोमीटर पीछा करने के बाद कार जैकर बिहार से पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कार चोरी के एक मामले में करीब 1,200 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद एक कार जैकर को बिहार के वैशाली जिले से गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का वाहन बरामद हो गया है। आरोपी का नाम चंदन (30) बताया गया है। उसने अपने सहयोगी आमिर के साथ मिलकर बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब पहुंचाने के लिए चोरी के वाहन का इस्तेमाल करने की योजना बनाई थी। द्वारका पुलिस को 27 सितंबर को कार चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता कैब चालक ने आरोप लगाया था कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दो लोग उसके पास आए और उन्हें द्वारका छोड़ने की मांग की। वहां पहुंचकर दोनों ने कार चालक पर हमला किया और उसकी कार लेकर फरार हो गए। इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान कई स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। स्थानीय खुफिया जानकारी एकत्र की और अंततः आगरा के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर चोरी की गई कार की गतिविधि का पता लगा। लेकिन जब तक पुलिस वहां पहुंची कार का स्थान बदल चुका था और आरोपी कार लेकर लगभग 500 किलोमीटर आगे निकल चुके थे। पुलिस की टीम ने लगभग 1,200 किलोमीटर तक कार का पीछा किया और अंततः बिहार के वैशाली जिले से आरोपी चंदन को गिरफ्तार कर लिया।


### पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: ELS-SYH-REV-32-2025-26-08, Date-03-12-2025**
**खुली निविदा:**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वमंविइं (टीआरएस)/वि.लोको शेड/सैदपुर भीतरी, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1:- कार्य का नामः इलेक्ट्रिक लोको शेड, सैयदपुर भीतरी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल में उपलब्ध विभिन्न क्षमताओं के 05 ईओटी क्रेनों के 24 महीने के वार्षिक रखरखाव, संचालन और सर्टिफिकेशन के लिए कार्य अनुबंध। टेंडर रिफरेंस नं. ELS-SYH-REV-32-2025-26-08, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹7424069.22, धरोहर राशि रूपया में: ₹148500.00, निविदा प्रपत्र क मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 03.12.2025 up to 15.00 Hrs, कार्य पूरा करने की अवधि: 24 माह।

खुली ई-निविदा दिनांक 15.10.2025 को 15.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वमंविइं (टीआरएस) वि.लोको शेड/सैदपुर भीतरी
मुजाधि/विद्युत-187

ट्रेनों में बीडी/सिगरेट न पियें



### कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड

CIN: L74110DL1980PLC010678
पंजी. कार्यालय : 211, नई दिल्ली हाउस, 27, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001 Tel: - 91-11 -40045955
E mail: compliance@kotiaenterprises.com, Website: www.kotiaenterprises.com

**30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रुपए लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तीन माह अवधि | | | समाप्त छह माह अवधि | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2025 (अअंकेक्षित) | 30.06.2025 (अअंकेक्षित) | 30.09.2024 (अअंकेक्षित) | 30.09.2025 (अअंकेक्षित) | 30.09.2024 (अअंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 5.22 | 7.83 | 44.77 | 13.04 | 66.96 | 88.72 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (11.33) | (5.45) | 4.02 | (16.79) | (1.07) | (5.08) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (11.33) | (5.45) | 4.02 | (16.79) | (1.07) | (5.08) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (11.35) | (5.45) | 4.02 | (16.81) | (1.07) | (4.93) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (161.43) | 16.08 | 4.02 | (145.36) | (1.07) | 2913.15 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | - | - | - | - | - | 3165.57 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों के बाद) (रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | | | |
| | बेसिक : | (0.08) | (0.08) | 0.06 | (0.02) | (0.02) | (0.07) |
| | डायल्यूटेड : | (0.08) | (0.08) | 0.06 | (0.02) | (0.02) | (0.07) |

टिप्पणी :-
1. 30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और तब 13 नवम्बर 2025 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 और लागू सीमा तक अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज एवं नीतियों के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों संशोधन नियमों, 2016) द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के मान्यता और मापन सिद्धांतों के अनुपालन में तैयार किए गए हैं।
3. पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़े जहां आवश्यक हुआ, रिग्रुप्ड कर लिए गए हैं ताकि वर्तमान अवधि के वर्गीकरण की पुष्टि के अनुसार बनाए जा सके।
4. समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com और www.msei.in) और कम्पनी की वेबसाइट www.kotiaenterprises.com पर उपलब्ध है।

कृते कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
अंकित भटनागर
(कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)

दिनांक: 13 नवम्बर 2025
स्थान : नई दिल्ली



### पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 23, द्वितीय मंजिल, नार्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली -110026
CIN: L45202DL1985PLC019746
वेबसाइटः www.panaficindustrialsltd.in ई-मेलः panafic.industrials@gmail.com दूरभाषः 011-25223461

**30.09.2025 को समाप्त तिमाही एवं अर्धवार्षिक के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम (अनंतिम)**

(रू० लाखों में)

| | समाप्त तिमाही | | | समाप्त अर्धवार्षिक | | समाप्त वार्षिक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30-सितम्बर-25 अनअंकेक्षित | 30-जून-25 अनअंकेक्षित | 30-सितम्बर-24 अनअंकेक्षित | 30-सितम्बर-25 अनअंकेक्षित | 30-सितम्बर-24 अनअंकेक्षित | 31-मार्च-25 अंकेक्षित |
| परिचालन से कुल आय (नेट) | 22.94 | 26.09 | 14.71 | 49.03 | 32.61 | 65.87 |
| कर से पहले सामान्य गतिविधियों से नेट लाभ/(हानि) (विशिष्ट मदों से पहले) | 8.30 | 5.83 | 0.54 | 15.21 | 4.31 | 2.84 |
| कर से पहले सामान्य गतिविधियों से नेट लाभ/(हानि) (विशिष्ट मदों के बाद) | 8.30 | 5.83 | 0.54 | 15.21 | 4.31 | 2.84 |
| कर के बाद सामान्य गतिविधियों से नेट लाभ/(हानि) (विशिष्ट मदों के बाद) | 8.30 | 5.83 | 0.54 | 15.21 | 4.31 | 2.84 |
| कर एवं गैर नियंत्रित व्याज के बाद कुल व्यापक आय | 8.30 | 5.83 | 0.54 | 15.21 | 4.31 | 2.84 |
| चुकता इक्वीटी शेयर कैपीटल | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 |
| रिजर्व (रीवैलूवेसन रिजर्व को छोड़कर जैसा कि पिछले वर्ष के तुलन पत्र में दर्शाया गया) | 171.30 | 173.70 | 166.77 | 171.3 | 170.54 | 172.66 |
| प्रति शेयर आय (संचालन जारी एवं बंद करने के लिए) | | | | | | |
| मूल | 0.01 | 0.01 | 0.00 | 0.02 | 0.01 | 0.00 |
| तरल | 0.01 | 0.01 | 0.00 | 0.02 | 0.01 | 0.00 |

टिप्पणीयाँ:
1. सितम्बर 30, 2025 की उपरोक्त अवधि को समाप्त तिमाही के परिणामों का लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और निदेशक मंडल की 13 नवम्बर, 2025 की बैठक में अनुमोदित किये गये।
2. सितम्बर 30, 2025 की अवधि के समाप्त तिमाही के उपरोक्त वित्तीय परिणामों को कम्पनीज अधिनियम, 2013 ("धारा") की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक ("आईएनडी एएस") के उसके अन्तर्गत साथ में पठित जारी प्रासांगिक नियमों एवं सेबी (लिस्टिंग दायत्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं), विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अनुसार तैयार किये गये।
3. सितम्बर 30, 2025 को समाप्त तिमाही के परिणामों का वैधानिक परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा की गई।
4. कम्पनी की गतिविधि केवल एक व्यावसाय खण्ड में आती है इसलिए कम्पनी पर खण्डवार रिपोर्टिंग लागू नहीं है।
5. पिछली अवधि के आकड़े जहाँ पर आवश्यक हो, समूहीकृत/पुनःवर्गीकृत किये गये हैं।
6. उपरोक्त परिणाम मुम्बई स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com एवं कम्पनी की वेबसाइट www.panaficindustrialsltd.com पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल की ओर से उनके लिए
पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड
हस्ता०/–
सरिता गुप्ता
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 00113099

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 13.11.2025

**खबर संक्षेप**

### एलजी ने प्रथम पीएम नेहरू की जयंती पर पुष्पांजलि की अर्पित

**नई दिल्ली।** आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 125वीं जन्म जयंती पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की है। एलजी सक्सेना ने शुक्रवार को अपने अधिकृत सोशल मंच एक्स पर पोस्ट कर पंडित नेहरू को याद किया। उन्होंने लिखा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर मेरी श्रद्धांजलि। उन्होंने लिखा कि बाल दिवस पर सभी बच्चों को मेरा स्नेह और उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं। एलजी के अलावा दिल्ली सरकार के कई विभागों की तरफ से भी नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की है।

### कांग्रेसियों ने मनाई नेहरू जयंती



**नई दिल्ली।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 125 वीं जन्म जयंती पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उन्हें याद किया ओर उनकी तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित सादे समारोह में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उनकी तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। जबकि यादव सहित अन्य नेताओं ने इससे पहले शांति वन जाकर भी नेहरु समाधि पर फूल चढ़ाए। इस अवसर पर अपने संदेश में यादव ने कहा कि पं नेहरु की लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच ने आजाद भारत के समय ही आधुनिक भारत की नींव डालने का कार्य किया।

## 50 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर किया जनता को समर्पित

# सीएम ने डीटीसी तेहखंड डिपो में ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार ने दक्षिणी दिल्ली स्थित डीटीसी तेहखंड डिपो में ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) का शिलान्यास किया और 50 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया। यह कार्यक्रम दिल्ली की हरित, स्वच्छ और पारदर्शी परिवहन प्रणाली की दिशा में ऐतिहासिक कदम के रूप में दर्ज हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली का पहला ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग सेंटर नंद नगरी में तेज़ी से बन रहा है, जिसकी वार्षिक क्षमता लगभग 72 हजार वाहनों की है। यह केंद्र पूरी तरह डिजिटल व मानव-हस्तक्षेप से मुक्त होगा, जिससे फिटनेस प्रमाणन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और सुगम बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम दिल्ली के लाखों वाहन मालिकों को बड़ी राहत देगा और राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि 73 हजार वाहनों की क्षमता वाला दूसरा ऑटोमेटेड टेस्टिंग सेंटर शुक्रवार को तेहखंड में शुरू किया गया है, जिससे वाहन परीक्षण क्षमता दोगुनी हो जाएगी। इसके साथ ही बुराड़ी और झुलझुली स्थित पुराने केंद्रों को भी अत्याधुनिक तकनीक और आधुनिक मानकों के अनुरूप अपग्रेड किया जा रहा है।

### 10 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया एटीएस : डॉ पंकज

परिवहन मंत्री डॉ पंकज सिंह ने जानकारी दी कि तेहखंड एटीएस 10 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और इसमें ब्रेक, सस्पेंशन, अंडरबॉडी, हेडलाइट, एक्सल और उत्सर्जन की पूरी तरह डिजिटल व ऑटोमेटेड जांच होगी। यह केंद्र प्रतिवर्ष लगभग 3 करोड़ रुपये का राजस्व भी उत्पन्न करेगा।

# तेहखंड व तुगलकाबाद में रेखा ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिणी दिल्ली के तेहखंड और तुगलकाबाद क्षेत्रों में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पशु-चिकित्सा सुविधाओं से जुड़े विभिन्न स्थलों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य सम्पन्न करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

वहीं, उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था, कचरा संग्रहण की प्रक्रिया और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित संरचनाओं की प्रगति का आकलन किया। साथ ही उन्होंने राजेश पायलट वेटनरी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

मुख्युमंत्री रेखा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में और उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूरी हों, ताकि राजधानी के कचरा प्रबंधन ढांचे को मज़बूती मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता और आधुनिक कचरा प्रबंधन ढांचे को सुदृढ़ करना दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी दिशा में लगातार मिशन मोड में कार्य जारी है।

# एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में हुआ दर्ज, दिल्लीवालों को सांस लेने में हो रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में शुक्रवार को वायु प्रदूषण के ग्राफ मामूली सुधार जरूर हुआ लेकिन अब वायु प्रदूषण का स्तर (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। यानी कहा जा सकता है कि अभी दिल्ली वालों को वायु प्रदूषण से राहत मिलने वाली नहीं है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का औसत एक्यूआई 399 दर्ज किया गया। जबकि गुरुवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 407 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में आता है। तुलनात्मक रूप से साफ है कि शुक्रवार को प्रदूषण का स्तर कम हुआ है। सीपीसीबी के अनुसार आज अशोक विहार, बवाना और जहांगीरपुरी जैसे क्षेत्रों में एक्यूआई बेहद गंभीर स्तर पर पहुंच गया, जिसके चलते लोगों को सांस लेने में दिक्कत व आंखों में जलन हो रही है। आंकड़ों के अनुसार अशोक विहार में 422, बवाना में 442, आईजीआई एयरपोर्ट 369, आईटीओ 431, जहांगीरपुरी 424, नरेला 408, पंजाबी बाग 415 और रोहिणी में एक्यूआई 432 गंभीर श्रेणी में दर्ज हुआ। सीपीसीबी का कहना है कि अभी दिल्ली में एक्यूआई में सुधार की बड़ी गुंजाइश दिखाई नहीं दे रही। लेकिन अलबत्ता यह जरूर है कि कुछ कमी दर्ज होगी। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम विज्ञानी पंकज लाल का कहना है कि दिल्ली में इस समय प्राथमिकता यह है कि प्रदूषण से लोगों को राहत मिले। लेकिन वर्तमान हालात ऐसे दिखाई दे रहे है आने वाले कई दिन अभी ऐसे ही रह सकते है। यानी औसत एक्यूआई 350-450 के बीच ऊपर नीचे रह सकता है। उन्होंने कहा कि अभी मौसम शुष्क बना रहने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। जबकि पारा अगर गिरने लगा तो वायु प्रदूषण का ग्राफ तेजी से बढ़ना शुरू हो जाएगें।

### बिहार की जनता को मुख्यमंत्री रेखा ने किया कोटि-कोटि प्रणाम

**नई दिल्ली।** बिहार की जनता ने शुक्रवार को पूरे दमखम से संदेश दिया है कि वह जंगलराज, भ्रष्टाचार और दुर्बल प्रशासन नहीं, बल्कि सुशासन, स्थिरता और तेज गति से विकास चाहती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बिहार में एनडीए की जीत के बाद सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि एनडीए को मिला यह प्रचंड समर्थन 'विकसित बिहार- विकसित भारत' के सामूहिक संकल्प को नई शक्ति प्रदान करता है। मुख्यमंत्री रेखा ने एनडीए को प्रचंड बहुमत देने के लिए बिहार की स्नेहिल जनता को कोटि-कोटि प्रणाम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए को मिला यह ऐतिहासिक जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सक्षम नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की विकास-परक, पारदर्शी और जन केन्द्रित नीति के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

# दिल्ली सचिवालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सचिवालय में उत्तराखंड और झारखंड राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजत जयंती वर्ष के इस अवसर पर दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, इतिहास और उनके लोगों के योगदान का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने शिरकत करते हुए दिल्ली में निवास करने वाले उत्तराखंड और झारखंड के नागरिकों को रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए देश की राजधानी दिल्ली में इन राज्यों की सांस्कृतिक विविधता और विकास में इन समुदायों का योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की सांस्कृतिक पहचान को समृद्ध बनाने में उत्तराखंड और झारखंड के लोगों की परंपराएँ, लोक कला और सक्रिय सहभागिता का विशेष महत्व है। यह रजत जयंती समारोह दिल्ली के इस सांस्कृतिक जुड़ाव को और मजबूत करता है।

### बिहार को पीएम मोदी में राज्य के विकास की दिखती है आस : सचदेवा



**नई दिल्ली।** बिहार में एन.डी.ए. की महाविजय का निस्संदेह एक कारण है कि बिहार को पीएम नरेन्द्र मोदी में राज्य के विकास की आस दिखती है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा शुक्रवार को यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हों, चिराग पासवान हों या बिहार में एन.डी.ए. के अन्य दल इन सभी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चुनाव प्रचार कर इस जीत को महाविजय बना दिया।

बिहार ने एन.डी.ए. के चौतरफा विकास को चुना है, बिहार की महिलाओं ने अपने परिवार के बेहतर भविष्य विकास को चुना है तो बिहार के शिक्षित एवं मेहनतकश दोनो युवाओं ने दसवीं फेल विपक्ष को नकारा है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी के साथ बिहार विजय की खुशी साझा करते हुए मिष्ठान से मुंह मीठा कराया।

# निगम ने प्रदूषण फैलाने वाली चार इकाइयों को किया सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी द्वारा गुरूवार को सदन बैठक में प्रदूषण मामले पर हंगामे के बाद दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। इसे लेकर शुकवार ने निगम प्रशासन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि औद्योगिक प्रदूषण को रोकने के लिए एमसीडी के वेस्ट ज़ोन ने डीपीसीसी, बीएसईएस और एसडीएम के साथ संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान बिंदापुर वार्ड संख्या 116 में अवैध प्रदूषणकारी इकाइयों के विरुद्ध सीलिंग ड्राइव संचालित की। इस कार्रवाई में चार औद्योगिक इकाइयाँ, दो कोयला-आधारित भट्ठी यूनिट, एक केमिकल फैक्ट्री और एक नूडल निर्माण इकाई को पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करने पर सील कर दिया गया। ये इकाइयाँ क्षेत्र में वायु एवं जल प्रदूषण की प्रमुख कारक पाई गईं। वहीं, इस संबंध में डेम्स समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे कचरा न जलाएं, पर्यावरणीय नियमों का पालन करें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि दिल्ली में वायु एवं पर्यावरण प्रदूषण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सके। वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में से एक, बायोमास जलाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए शाहदरा नॉर्थ ज़ोन ने ऐसे मामलों में 24 चालान जारी किए।

#### सोशल मीडिया का संज्ञान लेकर लिया एक्शन

सोशल मीडिया पर एक शिकायत में आज़ादपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे बड़ी मात्रा में कूड़ा फैले होने की जानकारी मिलने पर एमसीडी के केशवपुरम ज़ोन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए व्यापक सफाई अभियान चलाया। यह 1.5 एकड़ क्षेत्र का त्रिकोणीय भूखंड रेलवे भूमि पर स्थित है और तीनों ओर से झुग्गी बस्तियों से घिरा हुआ है। क्षेत्र में भारी मात्रा में जमे कचरे को हटाने के लिए एमसीडी टीमों ने भारी मशीनरी, स्वच्छता कर्मियों और कचरा-संग्रहण वाहनों की तैनाती कर सफाई सुनिश्चित की।

## दिल्ली में सहकारिता कानूनों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे

# सहकारिता से पीएम मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को बनाएंगे मजबूतः इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हमें सहकारिता के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को भी मजबूत बनाना है। इसके लिए दिल्ली में सहकारिता कानूनों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे, ताकि राजधानी में सहकारी संस्थाओं के लिए अनुकूल वातावरण विकसित हो सके।

दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने शुक्रवार को 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के पहले दिन नेशनल कोऑपरेटिव यूनियन ऑफ़ इंडिया के आयोजन के शुभारम्भ पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों और सहकारी संगठनों से प्राप्त सभी रचनात्मक सुझावों का स्वागत किया जा रहा है। मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद भारत की सहकारिता व्यवस्था ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि आयोजन की थीम 'आत्मनिर्भर भारत के वाहक के रूप में सहकारिता' है, यह प्रधानमंत्री का विज़न भी है कि भारत का हर नागरिक आत्मनिर्भर बने, और हर गांव, हर शहर, हर संस्था 'सहकार' के माध्यम से मजबूत हो। राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 के लिए पूरा देश उनका आभारी है। 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर इंटरनेशनल कोआपरेटिव अलायंस के अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव, एनसीयूआई के मुख्य कार्यकारी डॉ. सुधीर महाजन एवं देशभर से आए सहकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## किन्नर को शगुन का रुपया देने में विवाद



**फरीदाबाद।** सेक्टर-58 थानाक्षेत्र में किन्नर को विदाई देने के दौरान हुए विवाद में मारपीट में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने सात लोगों पर मारपीट और हत्या की धारा का मामला दर्ज किया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।सेक्टर-59 बापू नगर में रहने वाले इंद्रजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई शिवजी के यहां पर कुछ दिन पहले लड़का पैदा हुआ था। वहीं, उनके पड़ोसी अरुण के यहां भी एक महीने पहले लड़का हुआ था। बुधवार सुबह किन्नर अरुण के घर पर बधाई देने के लिए आए थे। इस दौरान विदाई के रूप में अरुण के परिवार की ओर से किन्नर को 31 हजार रुपए दिए गए थे। इसके बाद किन्नर अरुण के घर से निकलकर इंद्रजीत के घर पहुंचे। उन्होंने इंद्रजीत से भी बधाई की मांग की। इंद्रजीत के भाई शिवजी ने बधाई के रूप में 11 हजार रुपये दे दिए लेकिन किन्नर ने कहा कि उनके पड़ोसी ने 31 हजार रुपए दिए हैं। इसलिए उनको भी इतने ही देने चाहिए।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया



**फरीदाबाद।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में सूरजकुण्ड स्थित महाशय श्रीचंद पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रिपेयर वर्ल्ड एंड लाइफ संस्था द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और चाचा नेहरू की जीवन पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्ष डा. प्रीति सिंह ने छात्रों को बताया कि इस पर्यावरण को मनुष्य ने ही दूषित किया है तथा इसे मनुष्य ही बचा सकता है। रोजाना घरों से निकलने वाले कूड़ा को अलग-अलग कर कूड़े के वाहन में डालें।

# गुरु परंपरा की प्रेरणा समाज में एकता और सौहार्द का संदेश देती है : मनोहर लाल

फरीदाबाद।

नौवीं पातशाही श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी, भाई सती दास, भाई मती दास और भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित हरियाणा में आयोजित तीसरी हिंद की चादर यात्रा आज सेक्टर-15 स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा साहिब से आरंभ हुई। इस यात्रा का आयोजन हरियाणा सरकार व हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री मनोहर लाल विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, नगर निगम फरीदाबाद के मेयर प्रवीण जोशी, हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान स. जगदीश सिंह झिंडा, हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के फरीदाबाद पलवल नूंह से सदस्य स. रविन्द्र सिंह राणा और भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल भी उपस्थित रहे। भारत सरकार के केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 10-11 वर्षों में समाज के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी पहलें लागू की हैं।

**खास बातें**

- समाज में सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने पर सरकार का बड़ा ध्यान
- कुरुक्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से होगा ऐतिहासिक आयोजन

## चार दर्शन यात्राओं में से तीसरी यात्रा का फरीदाबाद से शुभारंभ किया



उन्होंने बताया कि इसी प्रयास का एक महत्वपूर्ण भाग संत महापुरुष विचार प्रचार योजना है, जिसका उद्देश्य विभिन्न समुदायों के संतों, महापुरुषों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों की शिक्षाओं एवं आदर्शों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है, ताकि समाज में सद्भाव, प्रेरणा और सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन हो सके।

केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत की सामाजिक संरचना विविधता से परिपूर्ण है, जहां विभिन्न वर्ग, समुदाय और परंपराएं मिलकर एक सशक्त और समरस सामाजिक ताना-बाना बनाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज अपने संतों और गुरुओं को विशेष सम्मान देता है और उनके विचार समय के साथ समाज के लिए और भी अधिक प्रेरणादायी बनते जाते हैं। ऐसे में भाईचारे, एकता, सौहार्द तथा प्रकृति के साथ समरसता का संदेश समाज के हर व्यक्ति तक पहुचना आवश्यक है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए राज्य में गुरु परंपरा के पवित्र दिवसों को स्मरण कराने हेतु चार दर्शन यात्राओं का आयोजन किया गया है। आज फरीदाबाद से तीसरी यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ, जो 25 नवंबर तक विभिन्न स्थानों से होती हुई कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। वहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से एक विशाल समागम आयोजित किया जाएगा। मनोहर लाल ने कहा कि यह आयोजन सभी संप्रदायों एवं समाजों की व्यापक भागीदारी और एकता का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी ने अत्याचारों के विरुद्ध धर्म, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी अमर शहादत संपूर्ण मानव समाज को साहस, त्याग और कर्तव्य के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने श्री गुरु गोबिंद सिंह तथा उनके चारों साहिबजादों के महान बलिदानों को नमन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण और प्रेरणादायी इतिहास नई पीढ़ी तक अवश्य पहुंचना चाहिए।

### बाल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन

# एनसीआरटीसी ने खास अंदाज़ में मनाया बाल दिवस स्कूली बच्चों ने संभाली नमो भारत की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

**अनोखी पहल में भाग लेने की खुशी बच्चों के चेहरे पर साफ़ नज़र आई**



बाल दिवस के उपलक्ष्य में, एनसीआरटीसी ने एक विशेष आयोजन किया, जहाँ बच्चों ने एक दिन के लिए नमो भारत के संचालन की कमान संभाली। इस अनूठी पहल ने छात्रों को एक अनोखा मौका दिया कि वे नमो भारत के विभिन्न ऑपरेशनल भूमिकाएं जैसे कि स्टेशन कंट्रोलर, टिकट वितरक, सिक्योरिटी इंचार्ज, एनाउंसर-कम-ट्रेन अटेंडेंट और स्टेशन मेंटिनेंस सहयोगी जैसी विभिन्न भूमिकाएं निभाएं। इस पहल से बच्चों को भारत की प्रथम नमो भारत ट्रेन की संचालन प्रणाली और उससे जुड़ी विस्तृत जानकारियाँ प्राप्त करने का एक मनोरंजक अवसर और ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त हुआ।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि स्टाफ के मार्गदर्शन में, बच्चों ने सीखा कि भारत की प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कैसे हर रोज हजारों यात्रियों के लिए एक तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करता है। उन्हें नमो भारत को निर्बाध रूप से संचालित करने वाली टीम और इसके लिए प्रयोग की जाने वाली विभिन्न तकनीकों से भी परिचित कराया गया। छात्रों को इसमें बहुत जिज्ञासा थी, उन्होंने टीम से कई सवाल पूछे। इस अनोखी पहल में भाग लेने की खुशी बच्चों के चेहरे पर साफ़ नज़र आई।

स्टेशन पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें उन भूमिकाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जो उनके लिए तय की गई थी। छात्रों ने बेहद उत्साह, ऊर्जा और उत्सुकता से अपनी- अपनी भूमिका अदा की। इस दौरान कुछ छात्रों ने नमो भारत स्टेशन का प्रबंधन संभाला, अनाउंसमेंट की, सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया, यात्रियों से बातचीत की और उन्हें टिकट वितरित किया। नमो भारत के यात्री अनाउंसमेंट में बच्चों की आवाज सुनकर और टिकट काउंटर पर बच्चों को टिकट वितरण करते देख आश्चर्यचकित हो गए। इस कार्यक्रम का छात्रों के साथ-साथ यात्रियों ने भी खूब आनंद लिया और एक दूसरे के साथ सेल्फी और तस्वीरें भी खिंचवाईं। कई यात्रियों ने बाल दिवस के इस खास दृश्य को अपने मोबाइल में कैद किया और एनसीआरटीसी की इस पहल की प्रशंसा की। छात्रों के साथ आए शिक्षकों ने एनसीआरटीसी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इसने छात्रों को नमो भारत जैसी आधुनिक शहरी परिवहन के बारे में सीखने का महत्वपूर्ण और मनोरंजक अवसर प्रदान किया है। इन बच्चों की जिज्ञासा और खुशी देखकर टीम एनसीआरटीसी के अधिकारी और स्टाफ भी बेहद उत्साहित हुए। इसने एक तेज़, सुरक्षित, आरामदायक और समावेशी परिवहन प्रणाली के निर्माण करने की टीम एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया और नमो भारत स्टेशनों को एक जीवंत सोशल और एजुकेशनल हब में परिवर्तित करने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

### मुरादनगर विधानसभा में रन फॉर यूनिटी यूनिटी मार्च

## सरदार पटेल की अखंड भारत की नींव को मजबूत कर रहे हैं मोदी: भूपेंद्र चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।



भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा मुरादनगर में रन फॉर यूनिटी यूनिटी मार्च का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने जो भारत की एकता और अखंडता की जो नींव रखी थी, उसे और मजबूत कर रहे हैं।

भूपेंद्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, गाज़ियाबाद सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित सभी अतिथिगणों ने सरदार पटेल एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अंबेडकर पार्क में आयोजित विशाल जनसभा में बच्चों ने वंदेमातरम, गुरुभक्ति वंदना एवं देशभक्ति गीतों पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। बाल दिवस पर बच्चों के उत्साह ने कार्यक्रम को ऊर्जा और देशभक्ति के भाव से भर दिया।

### यूनिटी मार्च संगठन, समर्पण और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भावना का उत्कृष्ट प्रतीक: सतेन्द्र सिसोदिया



सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि देश की एकता और विकास जनता की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। मोदी सरकार का प्रत्येक कदम भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि यह यूनिटी मार्च सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश देता है। मुरादनगर विधायक एवं यात्रा के नेतृत्वकर्ता अजीत पाल त्यागी ने कहाकि एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश जन-जन तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है। योगी सरकार हर दिशा में राष्ट्रभक्ति और विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है। सभा के बाद भूपेंद्र चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया। मार्च अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए के एन इंटर कॉलेज, मेन कस्बा रोड पहुँचा। पूरे मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया।

### कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू की 136वीं जयंती मनाई

# आधुनिक भारत के निर्माण में पं. नेहरू ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136वीं जयंती आज जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद में नीलम चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कराके मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बलजीत कौशिक व जिला प्रभारी सुधीर चौधरी ने सभी कांग्रेसियों के साथ पंडित नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने इस अवसर पर कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के विकास और लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद रखी। देश की तरक्की में पंडित नेहरू का योगदान हमेशा विस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि देश ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के दिखाए रास्ते पर चलकर ही तरक्की की है। पंडित नेहरू की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बच्चें उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जानते हैं और उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नेहरू जी को बच्चे बहुत प्यारे थे इसलिए वे चाचा कहलाए और उनके जन्मदिवस को पूरा भारतवर्ष बाल दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। इस मौके पर जिला प्रभारी सुधीर चौधरी ने कहा कि पंडित नेहरू ने अपने पूरे परिवार के साथ सारे सुख साधन छोड़कर देश की आजादी के लिए काम किया और कष्ट भोगे। उन्होंने लम्बे समय तक जेल काटी और एक आम आदमी का जीवन जिया। पंडित नेहरू ने प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में जो भारत के विकास की नींव रखी थी उसमें हर भारतीय को बराबर का हक अधिकार और सम्मान दिया है।

## एडवांस लोन के नाम पर ठगी का आरोप

**गुरुग्राम।** ओयो की मूल कंपनी, प्रिज़्म ने अपने होटल पार्टनर मेसर्स वेदिका हॉस्पिटैलिटी पर धोखाधड़ी, अनुबंध के उल्लंघन और लोन न चुकाने का आरोप लगाया है। ओयो ने इसके कानूनी कार्रवाई करते हुए बकाया वसूली और मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। मामला 15 जनवरी, 2024 को दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते से जुड़ा है। जिसमें ओयो ने 12 किस्तों में लौटाने के तहत 74 लाख का बिजनेस एडवांस लोन दिया था।

## सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला फरीदाबाद का 17वां प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला फरीदाबाद का 17 वां प्रतिनिधि सम्मेलन शुक्रवार को नगर निगम कॉफ्रेंस हाल में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपप्रधान नरेश कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपप्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि मजदूरों, किसानों एवं ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर ठेका प्रथा समाप्त करने, कच्चे कर्मियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए करने, एमएसपी की गारंटी देने लेवर कोड्स पर रोक लगाने व अन्य मांगों को लेकर आगामी 26 नवम्बर 2025 को जिला स्तर पर प्रदर्शन किए जाएंगे।

**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF THE PRINCIPAL DISTRICT JUDGE , DEOGHAR
Probate Case No. 2/2021
Prem Kumar alias Prem Kumar Keshri ..............Petitioner
- Vs. -
Savita Devi & others
........Opposite Parties

To,
Sneha Kumari daughter of Late Pradeep Kumar Keshri and wife of Nilesh Pareek, resident of Flat No.902, Tower D, Umang Winter Hills, Sector-77, Gurgaon-122004.
Whereas the Petitioner has filed a Petition before this court, for probate of will dated 08/05/2010, executed by Late Kamala Devi wife of Late Vishwanath Sah. Notice has been served upon you by both the process but you have failed to appear in court. You are hereby informed by this Gazette Publication to appear before this court on the 22nd day of November 2025 At 10:30 A.M. either through learned counsel or personally for hearing otherwise the above Case will be heard and determined in your absence.
Given under my hand seal of the court, dated this the 12th day of November 2025.
Principal District Judge
Civil Court Deoghar

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शमशेर पुत्र** जुल्फिकार, **निवासी** झुग्गी नं0 एन–38/ए–83, सीडी पार्क, जहांगीरपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 347/25, U/S 304(2)/ 317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, पुलिस स्टेशन अशोक विहार, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शमशेर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शमशेर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 347/25, U/S 304(2)/ 317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, पुलिस स्टेशन अशोक विहार, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **शमशेर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
कमरा नं0–108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/15401/NW/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गूंगा, पुत्रः मंगल, निवासीः झुग्गी नंबर–56, बेगा पहाड़ी, मजनू का टीला, दिल्ली** ने **FIR No.: 123/2021, U/s:356/379/411 IPC, पुलिस थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गूंगा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गूंगा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना रूप नगर दिल्ली** के अभियुक्त **गूंगा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री राशि रहेजा
एलडी. जेएमएफसी–13, केंद्रीय,
कमरा संख्या 33, भूतल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/15297/N/2025

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त की गई ऋण राशि के तहत बकाया राशि का भुगतान करने के लिए एक सूचना जारी की गई थी।
देय राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगे।

| ऋण अकाउंट नं. | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता | नीलामी तिथि |
|---|---|---|---|
| 344562001042 | संजू संजू | आईसीआईसीआई बैंक लि., ई 30, हौज खास, नई दिल्ली–110016 | 26- नव.-2025 |
| 344562001060 | रमेश चंद | | |
| 662905601471 | सौरभ शर्मा | आईसीआईसीआई बैंक लि., डी 1ए/8ए, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 | |
| 347405001371 | अशोक कुमार | आईसीआईसीआई बैंक लि., 84, बी1, महीपालपुर, नई दिल्ली–110037 | |
| 112762001436 | बॉबी सैन | आईसीआईसीआई बैंक लि., जी–20, दिलशाद कॉलोनी, दिल्ली–110095 | |
| 629162049778 | निखिल निखिल | आईसीआईसीआई बैंक लि., 2692, डी.बी. गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005 | |

नीलामी तालिका में ऊपर वर्णित तिथि/यों को और पता/पतों पर आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे – अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि यदि उपरोक्त नीलामी अपूर्ण रह जाती है, तो इसको किसी पूर्व सूचना के बिना बैंक द्वारा पुनःआयोजित किया जाएगा।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/ओं में पधार सकते हैं।
दिनांक : 15.11.2025
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली, शाहदरा, साउथ दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली
हस्ता/– प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

Regd.off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036 Fax : 011-28315044
Corp.Off : 7th Floor, Office Tower, Amblence Mall, NH-8, Gurgaon (Haryana)-122001, Ph.0124-2719000, Fax : 0124-2719100
CIN: L26912DL1991PLC045449 , Website : www.sainikfinance.com , Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

**Extract of Statement of Standalone Financial Results of the Company for the quarter/half year ended on 30 September 2025**

(Rs. in Lakhs)

| Sl. | Particulars | 3 months ended (Unaudited) | 3 months ended (Unaudited) | Corresponding 3 months ended in the previous year (Unaudited) | 6 months ended (Unaudited) | Corresponding 6 months ended in the previous year (Unaudited) | Year to date figures for current year ended (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2025 | 30.06.2025 | 30.09.2024 | 30.09.2025 | 30.09.2024 | 31.03.2025 |
| 1 | Total Income from operations | 408.95 | 361.99 | 385.76 | 770.94 | 748.97 | 1,672.82 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 61.27 | 92.22 | 130.45 | 153.49 | 212.58 | 623.29 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 61.27 | 92.22 | 130.45 | 153.49 | 212.58 | 623.29 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 72.98 | 94.56 | 127.51 | 167.54 | 210.28 | 617.61 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 72.98 | 94.56 | 127.51 | 167.54 | 210.28 | 612.21 |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) as per previous financial year | - | - | - | | | 3,331.26 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted : | 0.67 0.67 | 0.87 0.87 | 1.17 1.17 | 1.54 1.54 | 1.93 1.93 | 5.68 5.68 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Result for the quarter/half year ended 30 September 2025 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015. The full format of the quarterly/half yearly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2 The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 14 November 2025. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015.

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 14 November, 2025

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
sd/-
Sarvesh Sindhu
Director (DIN-06545787)

## खबर संक्षेप

### घाटशिला में जेएमएम के सोमेश सोरेन की जीत



रांची। घाटशिला विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोमेश सोरेन ने जीत दर्ज की है। सोमेश ने बीजेपी के बाबूलाल सोरेन को 38524 वोटों से हराया। 20 राउंड की गिनती पूरी होने के बाद सोमेश सोरेन को कुल 104794 वोट मिले, जबकि भाजपा के बाबूलाल सोरेन को कुल 66270 वोट मिले। इस तरह पिता की विरासत को सोमेश ने कायम रखा और घाटशिला सीट जीतकर रामदास सोरेन के गढ़ को कायम रखा।

### पेसा नियमावली पर हाई कोर्ट सख्त, मांगी रिपोर्ट




रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को पेसा नियमावली लागू करने में आने वाली बाधाओं को दूर कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की

## बिहार चुनाव में सीएम योगी का चला जादू

# मुख्यमंत्री ने बताया- बिहार की जनता के अटूट विश्वास पर लगी है मुहर

**बिहार चुनाव परिणाम में भाजपा और एनडीए की अपार सफलता पर सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने इसे जनता का अटूट विश्वास बताया।सीएम योगी ने कहा कि यह जनादेश विकास, सुशासन, समृद्धि और स्थिरता के उस मार्ग का समर्थन है।**

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। तस्वीर साफ होते ही एनडीए की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है। नीतीश कुमार एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे, इस बात पर मुहर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लगा चुके हैं। बिहार के चुनाव में उत्तर प्रदेश के नेताओं ने भी पूरी ताकत झोंकी थी। इस चुनाव में भी यूपी के फायरब्रांड सीएम योगी का जादू चला है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश विकास, सुशासन, समृद्धि व स्थिरता के उस मार्ग का समर्थन है।

### 16 अक्टूबर से शुरू किया था प्रचार

सीएम योगी ने 16 अक्टूबर से बिहार चुनाव प्रचार आगाज किया था। वह विभिन्न चरणों में एनडीए के सबसे ज्यादा मांग वाले स्टार प्रचारक के रूप में सामने आए। योगी ने दरभंगा में एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में एक भव्य रोड शो भी किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कुल मिलाकर 10 दिनों के अभियान में 30 रैलियां व 1 रोड शो करते हुए उन्होंने 43 सीटों पर एनडीए के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया।

**खास बातें**

- बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत
- योगी ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को दी हार्दिक बधाई



**प्रचार के दौरान योगी का जोरदार स्वागत**

बिहार चुनावी कार्यक्रमों में योगी को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। बिहार के कई इलाकों में लोग छतों, दीवारों, पेड़ों, यहां तक कि बुलडोजर पर चढ़कर उनका स्वागत करते दिखे थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे बिहारवासियों को सबसे अधिक आकर्षित करने वाले स्टार प्रचारक साबित हुए।

**यूपी मॉडल छाया**

रैलियों में योगी ने यूपी में अपनी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति, अपराध नियंत्रण व सुशासन के मॉडल को प्रमुखता से रखा। उन्होंने जंगलराज, अपराध, भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस–राजद गठबंधन को घेरा और एनडीए शासन को स्थिर बताते हुए समर्थन मांगा।

### 31 रैलियों के जरिए 43 उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया

बिहार में एनडीए की जीत पर सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बिहार विधान सभा चुनाव में भाजपा-एनडीए गठबंधन की प्रचंड विजय की समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व जनता- जनार्दन का अभिनंदन है। यह ऐतिहासिक विजय पीएम मोदी के विकासोन्मुख मार्गदर्शन व डबल इंजन सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास की मुहर है। कहा कि यह जनादेश विकास, सुशासन, समृद्धि और स्थिरता के उस मार्ग का समर्थन है, जिस पर नया बिहार आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है।

## बिहार के नतीजों से दुखी हुए पप्पू यादव, बोले-

# जनता से कुछ नहीं कहूंगा

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में एक बार फिर एनडीए की बहार की संभावना अब प्रबल होती जा रही है। राज्य में चुनावी तस्वीर धीरे-धीरे स्पष्ट हो रही है। विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले शुरुआती रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन भारी बहुमत जीत दर्ज की। दोनों दलों के कार्यालयों में जश्न शुरू हो गया है। वहीं दूसरी तरफ महागठबंधन के खेमे में मायूसी का माहौल है। पूर्णिया के सांसद रह चुके पप्पू यादव भी दुखी नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि ये नतीजे बिहार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

## तेज प्रताप ने की पीएम मोदी-अमित शाह की तारीफ

# तेजस्वी हो गया फेलस्वी, अब राजनीति परिवारवाद की नहीं



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड जीत मिली है। गठबंधन ने डबल सेंचुरी लगाई है। वहीं, महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा। खुद तेजस्वी यादव भी लंबे समय तक राघोपुर सीट से पीछे रहे। इसके अलावा, लालू यादव के एक और बेटे तेज प्रताप यादव को महुआ सीट से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद तेज प्रताप ने आरजेडी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है, जबकि पीएम मोदी और अमित शाह की प्रशंसा की है। उन्होंने अपने भाई तेजस्वी को फेलस्वी करार दिया है। तेज प्रताप यादव ने अपनी पार्टी जनशक्ति जनता दल के फेसबुक पोस्ट पर लिखा है कि हमारी हार में भी जनता की जीत छिपी है। आज के परिणामों को मैं जनादेश के रूप में स्वीकार करता हूं। हमारी हार कर भी जीत हुई है-क्योंकि बिहार ने यह साफ संदेश दे दिया है कि अब राजनीति परिवारवाद की नहीं, सुशासन और शिक्षा की होगी।

## पेज एक का शेष

### एनडीए की जीत...

कुमार, एनडीए के सहयोगियों- चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को बधाई दी। पीएम ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए छठी मैया की जय के नारे भी लगाए।

### जीत का नया एमवाई...

बाकी सभी का अभिनंदन करता हूं। पीएम ने कहा, यह मैं गर्व से कहना चाहता हूं कि बिहार के चुनावों ने एक और बात सिद्ध की है। देश का मतदाता खासकर युवा मतदाता, मतदाता सूची के शुद्धिकरण को बहुत गंभीरता से लेता है। बिहार के युवा ने भी मतदाता सूची शुद्धिकरण को जबरदस्त तरीके से समर्थन दिया है। लोकतंत्र की पवित्रता के लिए हर मतदाता का उसकी अहमियत होती है, उसका हक होता है। अब हर दल का यह दायित्व बनता है कि वे पोलिंग बूथ पर अपनी पार्टियों को सक्रिय करें और मतदाता सूची शुद्धिकरण के काम में उत्साह के साथ जुड़ें। शत-प्रतिशत योगदान दें, ताकि बाकी जगहों पर भी मतदाता सूची का शुद्धिकरण हो सके। पीएम ने कहा, 'बिहार में तुष्टिकरण की जगह अब संतुष्टिकरण ने ले ली है।' संतुष्टिकरण ये सबसे बड़ा मान है। बिहार के लोग अब तेज विकास चाहते हैं, विकसित भारत बनाना चाहते हैं। नई सरकार के साथ बिहार अब 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा की तरफ बढ़ रहा है। बिहार ने सुनिश्चित किया है कि बिहार में अब कभी जंगलराज की वापसी नहीं होने वाली है।

\आज की यह जीत बिहार की उन माताओं, बहनों और बेटियों की है, जिन्होंने वर्षों तक राजद के शासन में जंगलराज का आतंक झेला है। ये जीत बिहार के उस नौजवान की है, जिसके भविष्य को कांग्रेस और लाल झंडे के आतंक वालों ने बर्बाद किया। ये कॉरिडोर और आतंक के दिन अब इतिहास बन गए हैं। आज के यह परिणाम उन विकास विरोधियों को भी बिहार का जवाब है, जो कहते थे और बेशर्मी से कहते थे कि बिहार को एक्सप्रेस-वे और हाईवे नहीं चाहिए। बिहार को इंडस्ट्री नहीं चाहिए। बिहार को ट्रेन और विमान की क्या जरूरत है। आज के यह परिणाम परिवारवाद के खिलाफ विकासवाद की राजनीति को दिया गया जनादेश है। भारत के विकास में बिहार के लोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। लेकिन जिन लोगों ने दशकों तक देश पर शासन किया, उन लोगों ने हमेशा बिहार की एक झूठी छवि बनाई थी। इन लोगों ने बिहार को बदनाम किया था। इन लोगों ने न बिहार के गौरवशाली संस्कृति का सम्मान किया और न ही यहां के लोगों की इज्जत की। जो लोग छठ पूजा को ड्रामा कह सकते हैं वे बिहार की परंपरा का कितना सम्मान करते होंगे?

मोदी ने कहा कि इनकी हेकड़ी देखिए, राजद और कांग्रेस वालों ने छठी मैया से अब तक माफी नहीं मांगी है। बिहार के लोग यह कभी नहीं भूलेंगे। हमारी सरकार छठ को यूनेस्को की हैरिटेज लिस्ट में शामिल कराने का प्रयास कर रही है। लक्ष्य यह है कि पूरा देश, पूरी दुनिया, इसके महत्व से, इस संस्कृति से जुड़ सके। जब इस बार छठ पूजा के दौरान रेलवे स्टेशनों पर छठी मैया के गीत गूंजे तो हर कोई इस पावन पर्व में सम्मिलित होता दिखा। पिछले साल देश के लोगों ने लगातार तीसरी बार एनडीए को अपना जनादेश दिया। 60 वर्षों बाद ऐसा अवसर आया, जब किसी को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का अवसर मिला। यह देश के विश्वास का, देशवासियों के आशीर्वाद का परिणाम रहा। लोकसभा चुनाव के बाद देश के कई राज्यों में भी हमें विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ जीत मिली। जिस हरियाणा की धरती ने जय जवान, जय किसान की भावना को आगे बढ़ाया, उस हरियाणा ने लगातार तीसरी बार हमें सेवा का अवसर दिया। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबासाहेब आंबेडकर और वीर सावरकर की पुण्य भूमि महाराष्ट्र में हमें प्रचंड जीत मिली। लगातार तीसरी बार महाराष्ट्र ने हमें विजयी बनाया। हम 25 वर्ष बाद देश की राजधानी में जीते। और आज बिहार में जहां इतनी बड़ी जनसंख्या ग्रामीण इलाकों में बसती है, हम वहां जीत कर आए हैं।

पीएम बोले, भाजपा की एनडीए की सरकारों को 20-20 साल बाद भी जनता चुन रही है तो यह प्रो पीपुल, प्रो गवर्नेंस और प्रो डेवलपमेंट राजनीति की स्थापना है। यह भारत की राजनीति का नया आधार है। इसी आधार पर चलते हुए, हम बिहार को विकसित बनाएंगे। देश को विकसित बनाएंगे। जिस पार्टी ने दशकों तक देश पर राज किया, उस पर देश की जनता का विश्वास लगातार घट रहा है। कांग्रेस अनेकों राज्यों में लगातार सत्ता से बाहर है। बिहार में 35 साल, गुजरात में 30 साल, यूपी में करीब चार दशक और पश्चिम बंगाल में करीब पांच दशक से कांग्रेस की सरकार लौटी नहीं है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों में कांग्रेस तीन अंकों की संख्या तक नहीं पहुंच पाई है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद देश के छह राज्यों में चुनाव हुए, इनमें भी कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। आज ही के दिन सिर्फ एक चुनाव में हमारे जितने विधायक चुने गए हैं, कांग्रेस के उतने विधायक पिछले छह चुनाव में नहीं जीत पाए हैं। ये कांग्रेस मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस एमएमसी है। कांग्रेस का पूरा एजेंडा अब इसी पर चलता है। कांग्रेस के भीतर अब यही धड़ा पैदा हो रहा है। यह धड़ा नेगेटिव पॉलिटिक्स से असहज है। यह कांग्रेस के जो नामदार हैं, ये कांग्रेस को जिस रास्ते पर लेकर चल रहे हैं, उसके प्रति घोर निराशा अंदर ही अंदर पनप रही है। मुझे आशंका है कि आगे कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन हो। साथियों कांग्रेस के साथी भी समझने लगे हैं कि कांग्रेस अपनी इस नकारात्मक राजनीति से सभी को डुबो रही है। कांग्रेस के नामदार तालाब में डुबकी लगाकर बिहार में खुद डूबने और दूसरों को डुबाने की प्रैक्टिस कर रहे हैं। मैंने पहले भी इसी मंच से कांग्रेस के सहयोगियों को चेताया था कि कांग्रेस एक बोझ है। कांग्रेस एक ऐसी परजीवी है, जो अपने सहयोगियों के वोट बैंक को निगलकर अपनी वापसी करना चाहती है। इसलिए कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत, उसके सहयोगियों को भी है। आज बिहार में राजद को सांप सूंघा हुआ है। बहुत जल्द दोनों का झगड़ा अब खुलकर सामने आने वाला है। आज की यह जीत एक नई यात्रा की शुरुआत है। बिहार ने जो भरोसा जताया है उसने हमारे कंधों पर जिम्मेदारी और बढ़ा दी है।

### बिहार में नमो सुनामी...

एनडीए की जीत में महिलाओं ने एक नया मुहावरा रच दिया। डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए मानधन के डाले गए और सारा का सारा खेल एकतरफा हो गया। वादा तो तेजस्वी ने भी 30-30 हजार रुपए डालने का किया था पर मतदाताओं ने उनके वादे पर यकीन नहीं किया। उनसे पूछा गया कि इतना पैसा लाएंगे कहां से? वे हर घर से एक सदस्य को नौकरी देंगे कहां से? यानी, मप्र और फिर महाराष्ट्र के बाद महिलाओं ने बिहार में एनडीए को जबरदस्त जीत का तोहफा दिया। फिर, लालू परिवार और राजद को जंगलराज व करप्शन का मुद्दा भी भारी पड़ गया। वे इस मुद्दे की काट नहीं ढूंढ पाए जबकि भाजपा व नीतीश ने इसे तार्किक परिणिति पर पहुंचा दिया। तेजस्वीको सीएम फेस घोषित करना भी महागठबंधन के लिए आत्मघाती साबित हुआ। महागठबंधन के साथ जुड़े छोटे दलों का भी सूपड़ा साफ हो गया जबकि एनडीए के छोटे सहयोगी दलों ने चमत्कारिक प्रदर्शन किया। बिहार चुनाव में 243 में से 202 सीटों के साथ एनडीए रिकॉर्ड जीत हुई है। जबकि महागठबंधन के खाते में 35 सीटें आई हैं। एनडीए को 2020 के मुकाबले 70 से ज्यादा सीटों का फायदा हो रहा है, वहीं महागठबंधन को लगभग इतनी ही सीटों का नुकसान हो रहा है। प्रचंड जीत के बीच सम्राट चौधरी, ललन सिंह ने नीतीश कुमार से मुलाकात की। पिछली बार 43 सीटों पर सिमटी जेडीयू की झोली में इस बार 42 सीटें अधिक मिली हैं। वहीं 89 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बड़े चेहरों में राघोपुर से तेजस्वी यादव करीब 12 हजार वोटों से जीत गए हैं। तेजप्रताप यादव महुआ से चुनाव हार गए हैं। महागठबंधन में राजद के खाते में 26, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर जीती है। प्रशांत की पार्टी जन सुराज और वीआईपी का खाता भी नहीं खुला है। निर्दलीय समेत अन्य 3 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं।

**एनडीए के छोटे सहयोगियों का भी दबदबा:** कांग्रेस से आगे निकली जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम), उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी भी दमदार

**कांग्रेस, माकपा और माले से भी आगे दोनों दल:** ने एक नया मुहावरा रच दिया। डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए मानधन के डाले गए और सारा का सारा खेल एकतरफा हो गया। वादा तो तेजस्वी ने भी 30-30 हजार रुपए डालने का किया था पूर मतदाताओं ने उनके वादे पर यकीन नहीं किया। उनसे पूछा गया कि इतना पैसा लाएंगे कहां से? वे हर घर से एक सदस्य को नौकरी देंगे कहां से? यानी, मप्र और फिर महाराष्ट्र के बाद महिलाओं ने बिहार में एनडीए को जबरदस्त जीत का तोहफा दिया। फिर, लालू परिवार और राजद को जंगलराज व करप्शन का मुद्दा भी भारी पड़ गया। वे इस मुद्दे की काट नहीं ढूंढ पाए जबकि भाजपा व नीतीश ने इसे तार्किक परिणिति पर पहुंचा दिया।

### क्या नीतीश कुमार...

लड़ा है। सीएम कौन होगा इसका फैसला पांचों पक्ष मिलकर तय करेंगे।

### जिन्हें डिप्टी सीएम...

कांग्रेस और राजद के उम्मीदवारों की ही चुनौती का सामना करना पड़ा।

### 84% रहा सीएम ...

प्रचार शुरू किया था और आखिरी सभा उन्होंने 9 नवंबर को ली थी। डॉ. यादव ने लगभग आधे बिहार में 28 सभाएं और रोड शो किए। जिन सीटों पर उन्होंने प्रचार किया, उनमें से अधिकांश में भाजपा और उसके सहयोगी दल ने जीत दर्ज की। शुक्रवार को डॉ. यादव अचानक इंदौर के गोपाल मंदिर पहुंचे और माथा टेका। इस दौरान उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग उन्हें बिहार चुनावों के रिजल्ट को लेकर बधाई देने लगे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत पर लड्डू खिलाए।

**भाजपा के अन्य नेता भी रहे सफल:** पार्टी नेतृत्व ने प्रदेश भाजपा के अन्य नेताओं को भी बिहार चुनाव में जवाबदारी सौंपी थी, वे भी सफल रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को 19 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी दी थी। इनमें से 17 पर एनडीए ने जीत प्राप्त की। करीब एक महीने तक वे बिहार में ही रहे और बूथ प्रबंधन का काम देखा। हितानंद और डॉ. महेंद्र सिंह को तिरहुत और मिथिला क्षेत्र की 58 सीटों की जिम्मेदारी दी गई थी। दोनों टीम के साथ लगभग डेढ़ माह बिहार में रहे। उन्होंने बूथ प्रबंधन को लेकर काम किया, जिसका लाभ यह हुआ कि तिरहुत क्षेत्र की 28 में से 26 और मिथिला की 30 में से 24 सीटें एनडीए ने जीती हैं। विश्वास सारंग भी बिहार में रहे।

### पीएम मोदी के...

दिल्ली के बाद बिहार के परिणाम यह बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए की लहर चल रही है। कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों की कुव्यवस्था से जनता का मन टूट चुका है।

### नीतीश की विश्वसनीयता...

मुद्दों पर उनका अधिक फोकस आम मतदाता के जीवन से दूर महसूस हुआ। वहीं, राहुल गांधी का लंबे समय तक बिहार से दूर रहना और अभियान में असंबद्धता ने उनकी विश्वसनीयता को कमजोर किया। कांग्रेस, जिसे कभी बिहार में बड़ा जनाधार हासिल था, इस चुनाव में पूरी तरह राजद-निर्भर नजर आई। टिकट बंटवारे में असंतोष और संगठन स्तर पर ऊर्जा की कमी ने उसके प्रदर्शन को और गिरा दिया। चुनाव के अंतिम चरण तक महागठबंधन में सिंबल और सीट तालमेल की स्पष्टता नहीं होना, पूरे अभियान को लगातार कमजोर बनाता रहा। इसके विपरीत, नीतीश कुमार की राजनीतिक विश्वसनीयता एनडीए के लिए एक स्थिर स्तंभ बनी रही। जदयू को यह फायदा साफ तौर पर चुनावी नतीजों में मिला। कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर निजी हमलों, विशेषकर वोट चोरी जैसे आरोपों को केंद्र में रखकर चलाया गया कैंपेन भी शायद उलटा पड़ा है। मतदाताओं ने इसे मुद्दाविहीन राजनीति माना और एनडीए ने इस अभियान का पलटकर लाभ उठाया।

**राजद का सामाजिक न्याय का नैरेटिव बेअसर:** राजद का सामाजिक न्याय का नैरेटिव इस बार उतना असरदार नहीं रहा। लालू यादव की राजनीति भले ही सामंतवाद के विरुद्ध उठी हो, लेकिन जनता को यह भी लगा कि उन्होंने एक वैकल्पिक सामंती संस्कृति कायम करने की कोशिश की, जिसे आज का बिहार पूरी तरह नकार चुका है। कभी लालू कहते थे- राज करब त ठोक के करब- लेकिन, बिहार की नई पीढ़ी इस शैली की राजनीति से आगे बढ़ चुकी है। प्रशांत किशोर सबसे ज्यादा चर्चाओं के केंद्र में थे। उनके प्रदर्शन ने तमाम तरह के सवालों को जन्म दिया है। ये भी चर्चा कि उनकी मुहिम का सीधा फायदा एनडीए को हुआ है। आखिर प्रशांत का एजेंडा क्या था? करीब तीन साल से बिहार में सक्रियता रही। गांव-गांव तक हवा बनाई जनसुराज ने लेकिन नतीजों तक नहीं पहुंच सके। एक काबिल रणनीतिकार आखिर कैसे चूक गया? जमीन पर बेहद कमजोर उम्मीदवार के साथ ही शुरुआती आक्रामकता के बाद लगातार सुस्त पड़ते जाना भी उन पर सवाल खड़े करता है। सवाल यह भी कि चुनाव से करीब एक सप्ताह पहले जब तमाम पार्टियां और नेता अपनी ताकत लगाए थे, प्रशांत खामोश थे। जरूरी और जमीनी मुद्दों को ताकत के साथ उठाने वाले प्रशांत को बिहार ने एक आशा के साथ देखा तो था ही।


**फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड**
सीआईएनः L52324DL1981PLC012033
पंजीकृत कार्यालयः जी–4, सामुदायिक केंद्र, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028
निवेशकों के लिए ई–मेल आईडीः rekha.srivastava2016@gmail.com टेलीफोनः 011–25774212–214

**30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही/अर्धवर्ष के लिए अलेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(आंकड़े लाख में)

| विवरण | स्टैंडअलोन परिणाम | | | | | समेकित परिणाम | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2025 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित) | 30.09.2024 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित) | 30.09.2025 को समाप्त अर्ध वर्ष (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 को समाप्त अर्ध वर्ष (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) | 30.09.2025 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित) | 30.09.2024 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित) | 30.09.2025 को समाप्त अर्ध वर्ष (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 को समाप्त अर्ध वर्ष (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) |
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदें) | –1.93 | 87.31 | –2.44 | 84.05 | 79.23 | –1.93 | –2.57 | –2.44 | –5.82 | –10.65 |
| कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | –1.93 | 87.31 | –2.44 | 84.05 | 79.23 | –1.93 | –2.57 | –2.44 | –5.82 | –10.65 |
| कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | –1.93 | 66.15 | –2.44 | 62.90 | 59.29 | –1.93 | –23.72 | –2.44 | –26.98 | –30.59 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | –1.93 | 66.15 | –2.44 | 62.90 | 59.29 | 43.38 | 163.62 | 216.08 | 305.32 | 426.66 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | |
| आरक्षित निधि (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाए अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) | – | – | – | – | –232.63 | – | – | – | – | 3632.46 |
| प्रति शेयर आय (निरंतर और बंद परिचालनों के लिए) | | | | | | | | | | |
| मूलः | –0.03 | 0.94 | –0.03 | 0.89 | 0.84 | 0.62 | 2.32 | 3.07 | 4.34 | 5.96 |
| तनुकृतः | –0.03 | 0.94 | –0.03 | 0.89 | 0.84 | 0.62 | 2.32 | 3.07 | 4.34 | 5.96 |

**परिसंपत्तियों और देनदारियों का अलेखापरीक्षित विवरण**

| क्र. स. | विवरण | स्टैंडअलोन: 30 सितंबर, 2025 तक राशि लाखों में | स्टैंडअलोन: 31 मार्च, 2025 तक राशि लाखों में | समेकित: 30 सितंबर, 2025 तक राशि लाखों में | समेकित: 31 मार्च, 2025 तक राशि लाखों में |
|---|---|---|---|---|---|
| I. | परिसंपत्तियाँ | | | | |
| 1 | गैर–चालू परिसंपत्तियाँ | | | | |
| | (क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण | – | – | – | – |
| | (ख) पूँजीगत कार्य प्रगति पर | 4.29 | 4.29 | 4.29 | 4.29 |
| | (ग) वित्तीय परिसंपत्तियाँ | | | | |
| | (i) निवेश | 370.31 | 370.31 | 4453.92 | 4,235.41 |
| | (घ) अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियाँ | – | – | – | – |
| 2 | चालू परिसंपत्तियाँ | | | | |
| | (क) वित्तीय परिसंपत्तियाँ | | | | |
| | (i) व्यापार प्राप्य | – | – | – | – |
| | (ii) नकद और नकद समकक्ष | 124.73 | 134.94 | 124.73 | 134.94 |
| | (ख) चालू कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध) | 7.28 | 1.99 | 7.28 | 1.99 |
| | (ग) अन्य चालू परिसंपत्तियाँ | 7.12 | 4.80 | 7.12 | 4.80 |
| | कुल | 513.73 | 516.33 | 4597.33 | 4,381.42 |
| II. | इक्विटी और देयताएँ | | | | |
| | इक्विटी | | | | |
| | (क) इक्विटी शेयर पूंजी | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| | (ख) अन्य इक्विटी | –235.07 | (232.63) | 3848.54 | 3,632.46 |
| | कुल इक्विटी | | | | |
| | देयताएँ | | | | |
| 1 | गैर–चालू देयताएँ | | | | |
| | (क) वित्तीय देयताएँ | | | | |
| | (i) उधार | 43.00 | 43.00 | 43.00 | 43.00 |
| 2 | चालू देयताएँ | | | | |
| | (क) वित्तीय देयताएँ | | | | |
| | (i) व्यापार देय | – | – | – | – |
| | क) कुल बकाया एमएसई के अलावा अन्य लेनदारों की देय राशि | 1.53 | 1.53 | 1.53 | 1.53 |
| | (ख) अन्य चालू देयताएँ | 0.27 | 0.43 | 0.27 | 0.43 |
| | कुल | 513.73 | 516.33 | 4597.33 | 4,381.42 |

विस्तृत वित्तीय परिणामों के लिए QR कोड स्कैन करें

नोटः
ऊपर दिया गया विवरण सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही/अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही/ अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः http://www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः http://www.fortuneinternational.in पर भी उपलब्ध है।

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
रुचिका भारद्वाज
निदेशक
डीआईएन–00288459
स्थानः नई दिल्ली



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **(1) नीतू पुत्रः** पृथ्वी सिंह **(2) पृथ्वी सिंह पुत्र** धर्म सिंह **पताः** 61, पोल नंबर 62, पुरानी चौपाल के पास, ककरोला गांव, दिल्ली उत्तम नगर, द्वारका दिल्ली **(3) मूर्ति देवी पत्नीः** श्री दरियाओ सिंह **पताः** 45/46 ग्राउंड फ्लोर, शिव राम पार्क निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली, ने **FIR No. 946/2020, U/s 323/341/506/34 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नीतू (2) पृथ्वी सिंह (3) मूर्ति देवी,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुल्त **(1) नीतू (2) पृथ्वी सिंह (3) मूर्ति देवी,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 946/2020, U/s 323/341/506/34 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) नीतू (2) पृथ्वी सिंह (3) मूर्ति देवी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15315/OD/2025
(Court Matter)



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरूग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) | जीएमडीए डेटा सेंटर में सिक्योरिटी उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, प्रचालन और रखरखाव। | 14.11.2025 27.11.2025 | रु. 9.5 करोड़ | www.gmda.gov.in | 8851491954 adv.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40345/I/88/7 दि. 14.11.25



**SAMTEX FASHIONS LIMITED**
Regd. Office & Works: Khasra No 62, D 1/3 Industrial Area, Rajarampur, Sikandrabad, Bulandshahr UP- 203205 IN
CIN: L17112UP1993PLC022479, Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: www.samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2025**

(Rs. In Lakhs except per share data)

| Sl No | Particulars | Standalone: Quarter ended 30-09-2025 Unaudited | 30-06-2025 Unaudited | 30-09-2024 Unaudited | Half Year ended 30-09-2025 Unaudited | 30-09-2024 Unaudited | Year ended 31.03.2025 Audited | Consolidated: Quarter ended 30-09-2025 Unaudited | 30-06-2025 Unaudited | 30-09-2024 Unaudited | Half Year ended 30-09-2025 Unaudited | 30-09-2024 Unaudited | Year ended 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | - | - | 0.09 | - | 0.09 | 0.22 | 1.15 | 0.51 | 0.58 | 1.66 | 0.58 | 3.13 |
| 2 | Net profit/loss for the period before tax (before Exceptional and/or Extraordinary items) | -6.21 | -10.08 | -5.52 | -16.29 | -14.24 | -29.57 | -8.15 | -12.40 | -7.48 | -20.55 | -19.22 | -39.56 |
| 3 | Net profit/loss for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -6.21 | -10.08 | -5.52 | -16.29 | -14.24 | -29.57 | -8.15 | -12.40 | -7.48 | -20.55 | -19.22 | -39.56 |
| 4 | Net profit/loss for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -6.21 | -10.08 | -5.52 | -16.29 | -14.24 | -29.57 | -8.15 | -12.40 | -7.48 | -20.55 | -19.22 | -39.56 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period (Composing Profit/Loss for the period after tax and other Comprehensive Income after tax) | -6.14 | -10.08 | -5.32 | -16.22 | -14.04 | -29.23 | 7.88 | -13.05 | -3.62 | -5.17 | -15.33 | -28.08 |
| 6 | Equity Share Capital | 1490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | | | | -1,490.56 | | | | | | -25455.57 |
| 8 | Earnings Per Share (before extraordinary items) Basic (Face Value Rs.2 Per share) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.02 | -0.02 | -0.04 | 0.01 | -0.02 | 0.00 | -0.01 | -0.02 | -0.04 |
| 9 | Earnings Per Share (before extraordinary items) Diluted (Face Value Rs.2 Per share) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.02 | -0.02 | -0.04 | 0.01 | -0.02 | 0.00 | -0.01 | -0.02 | -0.04 |

Note:
1. In terms of Regualtion 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, the above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their respective meeting held on November 13, 2025.
2. These results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
3. The figures of the last periods have been regrouped, wherever necessary, to confirm to the current quarter's classifications.
4. The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results is available on the website of BSE Limited at www.bseindia.com and Company's website at www.samtexfashions.com. The same can be accessed by scanning the QR code provided below.

Place : New Delhi
Date : 13.11.2025

For Samtex Fashions Limited
Sd/-
Atul Mittal
Chairman & Managing Director
DIN 00223366






## बिहार चुनाव परिणाम से एनडीए में भारी उत्साह, लेकिन महागठबंधन हो गया 'तबाह'

इस बार इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की

# राजग की आंधी में बुझ गई लालटेन, नीतीश के तीर ने तेजस्वी और राहुल को दे दी बड़ी 'पीर

जेडीयू और भाजपा के कार्यकर्ता जश्न में डूबे रहे। यह ऐसी जीत है जिसकी कल्पना खुद एनडीए के शीर्ष नेता भी नहीं कर रहे थे। एनडीए के शीर्ष नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर इतनी सीटें जीतने का दावा नहीं किया था। यह एक बहुत बड़ी जीत रही



राजद कार्यकर्ता बताते हुए कि लालटेन बुझ गई।

**पटना नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव की तस्वीर अब पूरी तरह सामने आ गई है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए शानदार जीत हासिल की है। एनडीए ने पूर्ण बहुमत क्या अब तक की तकरीबन सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। दूसरी तरह महागठबंधन का बुरी तरह सफाया हो गया है। वह पूरी तरह से सिमटता दिख रहा है। जेडीयू और भाजपा के कार्यकर्ता जश्न में डूबे रहे। यह ऐसी जीत है जिसकी कल्पना खुद एनडीए के शीर्ष नेता भी नहीं कर रहे थे। एनडीए के शीर्ष नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर 160 तक सीटें जीतने का दावा किया था। ऐसे में इस जीत से कार्यकर्ताओं का उत्साहित होना लाजिमी है।एक जेडीयू कार्यकर्ता ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए एक बड़ा संदेश दे दिया। जेडीयू कार्यकर्ता ने एक हाथ में तीर लेकर लालटेन और कट्टे पर निशाना साधता दिखा। लालटेन राजद का चुनाव चिन्ह है जबकि पूरे चुनाव में एनडीए ने राजद पर कट्टा वाली पार्टी होने का आरोप मढ़ा था। इस तस्वीर में लालटेन का शीशा टूटा रहा। जेडीयू कार्यकर्ता यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि तीन से वार से लालटेन का क्या हाल हो गया है? एनडीए की इस आंधी में राजद अपने इतिहास की दूसरी सबसे बुरी हार की ओर बढ़ रही है। इससे पहले 2010 के चुनाव में राजद केवल 22 सीटों पर सिमट गई थी।

## बिहार के नतीजे ने मुख्यमंत्री को बनाया दमदार

### सुशासन,बेदाग छवि और महिलाएं, नीतीश को बना दिया 'अजेय'

बिहार में एक बार फिर सत्ता का ताज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सिर सजन गया है। एनडीए गठबंधन बिहार में निर्णायक जीत की ओर बढ़ रहा है। अभी तक के चुनाव परिणाम के मुताबिक भाजपा और जदयू गठबंधन ने बहुत बड़ी जीत दर्ज की है। महिला वोटरों की पहली पसंद रहे नीतीश कुमार एक बार फिर अपने परंपरागत मतदाताओं के दम पर सत्ता में दमदार वापसी की है। उनकी बेदाग और सुशासन बाबू की छवि महागठबंधन के मुद्दों पर भारी पड़ती दिख रही है। नीतीश की इस जीत के कई मायने हैं। मनीतीशने इस चुनाव से पहले बिहार में अपने परंपरागत मतदाताओं को साधने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का एलान किया था। इसके तहत सरकार की ओर से 1.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को 10 हजार रुपयए की सहायता राशि भेजी गई थी। इससे पहले भी नीतीश महिला मतदाताओं के रिझाने के लिए कई योजना का एलान कर चुके हैं।




चुनाव परिणाम के बाद खुशी का इजहार करते एनडीए के कार्यकर्ता

**चुनाव प्रचार में नीतीश की चुप्पी**

चुनाव के ऐलान से पहले नीतीश की सेहत को लेकर चिंताएं जताई जा रही थीं। उनकी सेहत को लेकर कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। विपक्षी दलों के साथ-साथ चुनावी विश्लेषक नीतीश के स्वास्थ्य को एनडीए के लिए घातक मान रहे थे। लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान नीतीश संयमित दिखे, उनकी खराब सेहत के कोई वीडियो सामने नहीं आए। चुनाव में नीतीश अपने काम को गिनाते नजर आए और विपक्ष को लेकर कोई ऐसी बयानबाजी नहीं की, जिससे उन्हें चुनाव में नुकसान पहुंचता।

### नीतीश की शानदार छवि ने भी डाला असर

पूरे चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए लालू यादव के कार्यकाल के 'जंगलराज' के मुद्दे को उठाता दिखा। जिसका असर चुनाव के परिणामों पर भी देखने को मिल रहा है। नीतीश कुमार और भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान लालू यादव के कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था के मुद्दे को लगातार उठाती दिखी। पीएम मोदी, अमित शाह अपनी रैलियों में नीतीश कुमार के सुशासन की जमकर तारीफ करते दिखे थे। नीतीश की शानदार छवि का असर चुनाव परिणामों के तौर पर सामने आया है। 20 साल के शासन के बाद भी नीतीश पर बिहार में मतदाताओं का भरोसा कायम है। इतने लंबे कार्यकाल के बाद भी नीतीश पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं। वहीं राजनीतिक दलों पर लगने वाले परिवारवाद के आरोपों से भी नीतीश बचे रहे हैं। इसके अलावा शराबबंदी, महिलाओं के लिए रोजगार योजना जैसे कार्यक्रमों ने उनकी छवि को ओर मजबूत बनाया है।

**लंबे अरसे के बाद भी नीतीश पर भरोसा रहा कायम**

### नीतीश ने खेला ऐसा दांव कि टूट गया रिकॉर्ड

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के रिजल्ट ने सियासत की तस्वीर साफ हो गई। इस बार बिहार में एनडीए की सुनामी दिखी। नीतीश ने इस बार महिला प्लस युवा फैक्टर को ऐसा बूस्टर डोज दिया है कि महागठबंधन पूरी तरह फंस गया। जिस समीकरण पर लालू-तेजस्वी की राजनीति दशकों से टिकी है, उसी को नीतीश ने कन्वर्ट कर दिया और वो भी इतनी चालाकी से कि महागठबंधन समझ ही नहीं बाया। इस बार नीतीश कुमार ने इसे पूरी तरह बदल दिया और एक नया अर्थ दे दिया- महिला + प्लस युवा। नीतीश की रणनीति बेहद सटीक और जमीन से जुड़ी रही। महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, शराबबंदी, सुरक्षा योजनाएं और लड़कियों की शिक्षा पर फोकस ने महिला वोटों को बड़ी संख्या में एनडीए के पक्ष में कर दिया। वहीं युवाओं को नौकरी, कौशल विकास और 'जंगलराज' की याद दिलाकर एनडीए ने युवा मतदाताओं को भी मजबूती से साधा।

**जीत का जश्न**





पटना। मां को खुशी का लड्डू खिलाते चिराग पासवान।



नई दिल्ली। एनडीए के लोगों ने इस तरह मनाई खुशी



मुंबई। मुंबई में राजग कार्यकर्ताओं ने ढोल-धमाकों के साथ मनाया जश्न



देहादून। उत्तराखंड में जीत की खुशी पर झूमीं महिलाएं।

## बिहार नतीजों का राहुल फैक्टर

### हाइड्रोजन बम फुस्स, 'वोट चोरी' भी बेअसर बैकफुट पर आए महागठबंधन और 'आका'

बिहार में इस बार राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी रण में अपने सारे धागे खोल कर रख दिए। कसभी राजनीतिक पार्टियों ने जमकर प्रचार-प्रसार और चुनावी वादे किए। इन सब के बीच ऊहापोह इस बात की तेज थी कि बिहार में इस बार महागठबंधन का 'राहुल फैक्टर' चुनावी नतीजे को प्रभावित कर सकता है। कारण है कि बीते कई महीनों से राहुल ने वोट चोरी का मुद्दा खूब उठाया है। पहले प्रेस वार्ता में कई दावे किए, फिर बिहार में खूब रैलियां की और अंत में 'हाइड्रोडन बम' के माध्यम से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। हालांकि महागठबंधन और कांग्रेस के सभी चुनावी समीकरण बेअसर रहे। खासकर राहुल की तरफ से चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोप भी धूमिल होता दिखा।

**राहुल और तेजस्वी का सपना चकनाचूर 18 नवंबर को शपथ का देख रहे थे सपना**



चुनाव आयोग के परिणाम से ऐसे में ये भी कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा और जदयू समर्थित एनडीए गठबंधन ने एकतरफा बढ़त हासिल कर बिहार में 'राहुल फैक्टर' पूरी तरह खत्म कर दिया। उनके साथ-साथ तेजस्वी यादव का इस बार मुख्यमंत्री बनने का सपना पर टूट गया है।

## तेजस्वी का वादा और इरादा दोनों विफल

### नौकरी का दावा और एंटी इनकन्बेंसी ने नहीं दिया साथ और खा गए बड़ी मात

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित रहे। अभी तक के रुझानों में



एनडीए की डबल सेंचुरी हो चुकी है, जबकि महागठबंधन सिमट गया है। यहां भी राजद और कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब इस बार महागठबंधन ने नौकरियों के इतने बड़े वादे किए, जब नीतीश कुमार के खिलाफ इतनी एंटी-इंकबेंसी का दावा किया गया, तो आखिर कैसे उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा? ऐसी कौन-सी गलतियां हुईं कि तेजस्वी यादव एक बार फिर सत्ता की कुर्सी से दूर रह गए। इस चुनाव में महागठबंधन की हार का सबसे बड़ा कारण उनके दलों के बीच तालमेल का अभाव रहा। शुरुआती समय में खबरें आईं कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करना चाहते। विरोधियों ने भी इस मुद्दे को जमकर उछाला। इसके बाद सीट बंटवारे में कई दिनों की देरी होती रही और आम सहमति नहीं बन सकी। हैरानी की बात यह रही कि नॉमिनेशन की अंतिम तिथि तक कई सीटों पर महागठबंधन के भीतर ही फ्रेंडली फाइट देखी गई।

## परिणामों पर दिग्गजों ने कहाः इंडी ब्लॉक परिणामों को नहीं पचा पा रहा, वो फिर अलाप रहे पुराना राग

### एक और चुनाव, एक और हार



भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा राहुल गांधी! एक और चुनाव, एक और हार! अगर चुनावी हार में निरंतरता के लिए कोई अवॉर्ड होता, तो वे सारे अवॉर्ड जीत जाते। शायद हार भी यह सोच रही होंगी कि वे उन्हें विश्वास से ढूंढ कैसे लेते हैं?

### बुरा जो देखन मैं चला...



भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तंज कसने के लिए कबीर दास का एक दोहा पढ़ा और पार्टी से अपील की कि वे नतीजों की पुष्टि के लिए वोटर लिस्ट की जांच कर लें। मैं कांग्रेस को कबीर दास की एक पंक्ति याद दिलाना चाहता हूं कि बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिल्या कोई. जो मन खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोई।

### एनडीए ने भारी मेहनत की



दिल्ली में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि जनता के चेहरों से ही साफ पता चल रहा था कि इस बार एनडीए को भारी जनादेश मिला। नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सभी नेताओं ने जबरदस्त मेहनत की है।

### अब बंगाल की होगी अगली बारी



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार की जीत हमारी है। अब अगली बारी बंगाल की है, क्योंकि वहां से भी रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालना जरूरी है। ये परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेहनत का परिणाम है।

### नीतीश का करिश्माई नेतृत्व दिखा



जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने एनडीए के बहुमत के रूझानों पर कहा कि चुनाव से पहले ही मैंने कहा था कि जदयू ने बड़ी जीत दर्ज की। यह नीतीश कुमार की करिश्माई नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। तेजस्वी यादव के ईवीएम और चुनाव आयोग पर आरोपों पर त्यागी ने कहा कि हार के बाद अब वे इसे ईसी और ईवीएम पर थोप रहे हैं।

### जनता को डबल इंजन सरकार पर भरोसा



केंद्रीय मंत्री और हम (सेक्युलर) के संरक्षक जीतन राम मांझी ने कहा कि यह नतीजा अप्रत्याशित नहीं है। हम पहले से कह रहे थे कि एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा और नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। महागठबंधन का पूरी तरह से सफाया हो गया है। जनता ने पीएम मोदी, नीतीश कुमार और एनडीए पर भरोसा जताया है।

### 'ज्ञान' ने आशीर्वाद की रसीद दे दी



बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा कि यह जो ऐतिहासिक जीत है। यह प्रधानमंत्री का जो आग्रह था कि ज्ञान का विकास यानी- गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी, इनके विकास के लिए आप (कार्यकर्ता) काम करते रहो और उसका आशीर्वाद जनता आपको देगी। जाति, धर्म न देखते हुए सभी लाभार्थियों को लाभ मिले।

### लोक कल्याणकारी नीतियों पर मुहर



सीएम योगी ने एक्स पर एनडीए की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। प्रचंड विजय की समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं जनता का अभिनंदन करता हूं। यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास की मुहर है।

### बिहार की जीत हमारी, बंगाल की बारी



पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के लीडर और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा दिया कि एक ही नारा है- बिहार की जीत हमारी है, अब बंगाल की बारी है। इस खबर में समझिए कि बिहार में भाजपा के बेहतरीन प्रदर्शन और बंगाल में एसआईआर के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में पिक्चर बदल सकती है।

### सिद्धारमैया ने अलापा 'वोट चोरी' का राग



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव में भी 'वोट चोरी' हुई है। एनडीए आराम से बहुमत के पार निकल गई है। उन्होंने माना कि महागठबंधन (कांग्रेस-आरजेडी) को मिल रहे झटके की वजह उन्हें अभी साफ नहीं पता। सिद्धारमैया ने कहा कि 'जनता के फैसले को हमें स्वीकार करना ही है।

### कांग्रेस हार के कारणों की समीक्षा करेगी



चुनाव नतीजों पर बात करते हुए कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने कहा कि उन्हें बिहार चुनाव में प्रचार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अपनी हार के कारणों की जांच करेगी।

### मुकाबला जनता और ईसी के बीच रहा



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुकाबला भारत के चुनाव आयोग और बिहार की जनता के बीच है। उन्होंने कहा कि मैं राजनीतिक दलों की बात नहीं कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और बिहार की जनता के बीच सीधे मुकाबले की बात कर रहा हूं।

### सर पर मेरा शक था... वही हुआ



कांग्रेस के कद्दावर नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि मेरा शक था सही निकला। एसआईआर में 62 लाख वोट कटे 20 लाख वोट जुड़े। यही नहीं 5 लाख वोट बिना एसआईआर फॉर्म भरे बढ़ा दिए गए। अधिकांश वोट गरीबों के दलितों के अल्प संख्यक वर्ग के कटे। इसके बावजूद ईवीएम पर शंका बनी हुई है। कांग्रेस को अपने संघटन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### एसआईआर का खेल यूपी में नहीं होगा



बिहार के चुनाव परिणामों के रुझानों ने विपक्षी दलों के खेमे में हलचल पैदा कर दी है। एक तरफ जहां कांग्रेस दिल्ली कार्यालय के बाहर वोट चोरी के पोस्टरों के साथ प्रदर्शन कर रही है। उत्तर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एसआईआर पर फिर भाजपा पर हमला बोला है। एक्स पोस्ट में लिखा, बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है वो पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, यूपी और बाक़ी जगह पर अब नहीं हो पाएगा।

### ईसी और भाजपा ने की साठगांठ



शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि चुनाव नतीजे चौंकाने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर अपना 'राष्ट्रीय एजेंडा' पूरा किया है। राउत ने यह भी कहा कि बिहार के ये नतीजे 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तरह ही हैं, जहां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना और राकांपा) को बड़ी जीत मिली थी।

### नतीजों से दुखी हूं , कुछ नही कहूंगा



पूर्णिया के सांसद रह चुके पप्पू यादव भी दुखी नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि ये नतीजे बिहार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं।रुझानों में स्थिति काफी हद तक स्पष्ट होने के बादजन अधिकार पार्टी के प्रमुख ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नतीजा स्वीकार करना पड़ेगा, लेकिन ये बिहार के लिए दुर्भाग्य होगा।उन्होंने कहा कि जनता को मैं कुछ नहीं कह सकता लेकिन बिहार के लिए ये दुर्भाग्य होगा।

### जनादेश को स्वीकार करता हूं



वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा हम इस जनादेश को स्वीकार करते हैं और जो जीते हैं उनको मैं बधाई देता हूं। माताओं-बहनों का वोट एनडीए के पक्ष में गिरा है, जिसके कारण उनकी इतनी बड़ी जीत हो रही है। मैं जनादेश का सम्मान करते हुए इसे (हार) स्वीकार करता हूं। आने वाले समय में हम और मंथन करेंगे ।

### जंगलराज खत्म, अब विकास की जीत



भाजपा नेता गौरव भाटिया ने बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी, साथ ही कहा कि भाजपा और एनडीए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए मुकाम पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बिहार की जनता की इस संदेश को अहम बताया कि वे जंगल राज से तंग आ चुकी हैं और विकास चाहती है।

देश के सबसे बड़े जनजातीय बहुल राज्य होने का


## हमें गर्व है



# राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह

जनजातीय महानायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सम्मान स्वरूप प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों एवं विकासखंड मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायतों में आयोजन





प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
मुख्य अतिथि
(वर्चुअल माध्यम से)

मुख्य अतिथि
**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



**15 नवम्बर 2025**
प्रातः 10:00 बजे- आलीराजपुर
अपराह्न 1:00 बजे - जबलपुर

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश



# सशक्त होता जनजातीय समाज

### आर्थिक सशक्तिकरण

- जनजाति विकास के लिए ₹ 47,296 करोड़ का बजट प्रावधान
- पेसा कानून से जल, जंगल, जमीन पर अधिकार मजबूत
- तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक ₹ 3000 से बढ़कर ₹ 4000 प्रति बोरा
- 1,069 वनोपज समितियों से जुड़े 41 लाख संग्राहक
- वन अधिकार अधिनियम में 2.89 लाख व्यक्तिगत और 28,754 सामुदायिक दावे स्वीकृत

### धरती आबा एवं पीएम जनमन – बेहतर होता जीवन

- ₹ 500 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण
- 21 जिलों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स संचालित
- 18,000 से अधिक पीवीटीजी घरों का विद्युतीकरण
- 126 वन-धन केंद्र स्थापित, 83 नए स्वीकृत
- एक हेक्टेयर तक के भूमिधारकों को 5HP तक के पंप पर निःशुल्क बिजली

### शिक्षा और अवसर

- 40 लाख से अधिक छात्रों को ₹ 1,566 करोड़ की छात्रवृत्ति
- ₹ 12,000 वार्षिक राष्ट्रीय माध्यमिक मेधा छात्रवृत्ति
- 210 नए जनजातीय छात्रावास और 3 एकलव्य पॉलीटेक्निक कॉलेज स्वीकृत
- 'आकांक्षा' योजना से NEET, JEE, CLAT की कोचिंग सुविधा
- राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश पर ₹ 50,000 प्रोत्साहन राशि
- विदेश अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति
- सिविल सेवा परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि

### रोज़गार और आत्मनिर्भरता

- 18,000 से अधिक जनजातीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण
- भगवान बिरसा मुंडा स्व-रोज़गार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना से 9,000 युवाओं को ₹ 418 करोड़ की स्व-रोज़गार ऋण सहायता
- रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में 115 प्रशिक्षणार्थियों का प्रवेश

### स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सिकल सेल मिशन से 1.17 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग
- बैगा, सहरिया, भारिया बहनों को ₹ 1,500 प्रतिमाह आहार अनुदान

### विरासत से विकास तक

- रानी दुर्गावती एवं राजा भभूत सिंह की स्मृति में कैबिनेट बैठकें
- जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल फ्लाय-ओवर रानी दुर्गावती के नाम पर
- पचमढ़ी अभयारण्य राजा भभूत सिंह के नाम पर
- छिंदवाड़ा में श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर में राजा शंकर शाह तथा रघुनाथ शाह संग्रहालय का लोकार्पण
- सीधी-सिंगरौली में बनेगा बैगा विकास प्राधिकरण
- भगोरिया महोत्सव को मिला राजकीय उत्सव का दर्जा
- शहडोल, धार, खंडवा एवं मंडला में ट्राइबल मार्ट की स्थापना

D-11141/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

चिंतन

# बिहार के नए जनादेश के पीछे सुशासन व स्थिरता

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन के लिए खुशी व उत्साह लेकर आए, वहीं राहुल गांधी की अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन के लिए सीख हैं। उनके वोट चोरी के आरोपों को मतदाताओं ने गंभीरता से नहीं लिया है। जिस तरह से राजग उम्मीदवारों के पक्ष में भारी मतदात हुआ है, ये केवल और केवल एक राजनीतिक जीत नहीं बल्कि बिहार की जनता के मन में पनपे भरोसे, उम्मीद और बदलते राजनीतिक विवेक का बहुत प्रबल संदेश भी है। जिस तरह से जनता ने अपना फैसला सुनाया, वह दर्शाता है कि मतदाता अब न केवल सजग हैं, बल्कि वे नीति, नीयत और परिणाम आधार पर ही अपना मत निर्धारित कर रहे हैं। यह प्रचंड विजय इस बात का प्रमाण भी है कि बिहार की जनता सुशासन और स्थिरता पसंद कर रही है। बिहार में लंबे समय तक जाति समीकरण चुनाव जीतने के सरल सूत्र माने जाते थे। इस बार ये पुराना ढांचा पूरी तरह अप्रासंगिक साबित हुआ है। मतदाता अब केवल पहचान के आधार पर मतदान नहीं करता, वह विकास के अवसरों, सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और स्थिर प्रशासन को प्राथमिकता देता है। राजग की नीतियों ने आम मतदाता के मन में यह विश्वास जगाया कि देश के अति पिछड़े राज्य बिहार के विकास का पहिया तेज़ गति से घूम सकता है। सड़क, बिजली, गैस, सिंचाई, उद्यमिता और शिक्षा के क्षेत्र में जो विस्तार हुआ, उसने मतदाता के मन में यह धारणा स्थापित हुई कि विकास की निरंतरता उसी राजनीतिक संगठन से संभव है, जिसने इन आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की अगुवाई में विपक्ष की सबसे बड़ी भूल यह रही कि उसने सोशल मीडिया की चमक को वास्तविक जनभावनाओं का प्रतिनिधि मान लिया। डिजिटल अभियानों में ऊर्जा भले ही दिखी, पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बूथ स्तर पर उनकी उपस्थिति कमजोर रही। सोशल मीडिया प्रचार में रंग तो जमाता है, लेकिन मतदान का फैसला तभी होता है जब मतदाता को यह भरोसा हो कि उसका जीवन सुरक्षित, स्थिर और प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ रहा है। इंडिया गठबंधन भरोसे की नींव तैयार करने में असफल रहा। इस चुनाव परिणाम से एक बात साफ हो गई कि जनता विरोध नहीं, विकल्प चाहती है। ऐसा विकल्प जो केवल व्यवस्था की आलोचना न करे, बल्कि बेहतर व्यवस्था का भरोसेमंद रोडमैप प्रस्तुत करे। एनडीए यह विश्वास दिलाने में सफल रहा कि शासन क्षमता, नीति की दृढ़ता और समाज के हर वर्ग से जुड़ने की शक्ति उसके पास है। विपक्ष केवल सरकार विरोध पर ही निर्भर होकर रह गया। तेजस्वी यादव एक के बाद एक ऐसी घोषणाएं कर रहे थे, जिन्हें पूरा करना संभव ही नहीं। सच यह है कि मतदाता अब भावनात्मक राजनीति से कहीं आगे निकल चुका है। अब वो सामाजिक चेतना विकास, आत्मनिर्भरता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देता है। महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता, युवाओं की आर्थिक आकांक्षाएं और ग्रामीण मतदाता की व्यावहारिक सोच, ये सभी मिलकर भारतीय राजनीति का नया ढांचा गढ़ रहे हैं। भाजपा इस परिवर्तन को समझने में जितनी सक्षम दिखी, विपक्ष उतना ही भटका नजर आया। बस इसी ने तय कर दिया बिहार का नया जनादेश। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय पक्ष यह रहा कि राज्यभर में एकतरफा माहौल धीरे-धीरे विकसित होता गया।

# बिहार में सुशासन की निर्णायक जीत



जनादेश
कांतिलाल मांडोत

बिहार की राजनीति लंबे समय से दो विरोधी धुरों के बीच झूलती रही है। एक ओर सुशासन, विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था की राजनीति, और दूसरी ओर अव्यवस्था, कट्टा संस्कृति, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और पुराने 'जंगलराज' की यादें। हालिया चुनावों ने इन दोनों धाराओं के बीच चल रही जंग पर निर्णायक मुहर लगा दी है। जनता ने जिस स्पष्टता और मजबूती से अपना संदेश दिया है, उसने राजनीति के कई भ्रम तोड़ दिए और यह साफ कर दिया कि वह सिर्फ नारों से नहीं, बल्कि व्यवहारिक शासन, स्थिर नेतृत्व और विकास की ठोस दिशा को प्राथमिकता देती है। बिहार की जनता ने यह साबित कर दिया कि सुशासन ही सबसे बड़ी राजनीति है।

बिहार की राजनीति लंबे समय से दो विरोधी धुरों के बीच झूलती रही है। एक ओर सुशासन, विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था की राजनीति, और दूसरी ओर अव्यवस्था, कट्टा संस्कृति, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और पुराने 'जंगलराज' की यादें। हालिया चुनावों ने इन दोनों धाराओं के बीच चल रही जंग पर निर्णायक मुहर लगा दी है। जनता ने जिस स्पष्टता और मजबूती से अपना संदेश दिया है, उसने राजनीति के कई भ्रम तोड़ दिए और यह साफ कर दिया कि वह सिर्फ नारों से नहीं, बल्कि व्यवहारिक शासन, स्थिर नेतृत्व और विकास की ठोस दिशा को प्राथमिकता देती है। महागठबंधन ने चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे और विवादित आरोप लगाए। वोट चोर, गद्दी चोर, एसआईआर मुद्दे पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप से कांग्रेस की स्थिति बिगड़ी है लेकिन जनता ने इन आरोपों को खारिज करते हुए यह जाहिर कर दिया कि नकारात्मक राजनीति अब असरदार हथियार नहीं रही। मतदाता अब काम कानून व्यवस्था, जनसेवा और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देता है। इस चुनावी नतीजे ने यह स्थापित कर दिया कि बिहार की राजनीति नए युग में प्रवेश कर चुकी है, जहां भावनाओं के बजाय सुशासन की ठोस जमीन पर नेतृत्व का मूल्यांकन हो रहा है। जनता भावनाओं से आगे बढ़ चुकी है। एक समय था जब बिहार की राजनीति का ढांचा जातिगत समीकरणों, जनभावनाओं और राजनीतिक नाटकीयता पर आधारित माना जाता था, लेकिन इस चुनाव ने इस सोच को झकझोर दिया है। जाहिर है, बिहार की जनता अब सत्ता परिवर्तन सिर्फ नाराजगी या भावनात्मक उभार के आधार पर नहीं करती, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता और प्रगति की दिशा को तरजीह देती है। महागठबंधन ने पूरी ताकत से नैरेटिव खड़ा करने की कोशिश की।

मोदी सरकार पर अपमानजनक टिप्पणियों से माहौल बिगड़ गया। जातिगत ध्रुवीकरण की कोशिशें हुई परन्तु बहुत बड़ा आघात मोदी को उस समय लगा जब मोदी की मां को विपक्ष ने गंदी गालिया दी। कहा गया, एनडीए का विरोध करने वाले नेताओं का कोई ढोर नहीं है। कांग्रेस के खाते में चार सीटें आना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीतियां पार्टी के खिलाफ है। राहुल ने ऐड़ी चोटी का जोर लगाया लेकिन अंततः करारी हार नसीब हुई है। तेजस्वी ने 19 नवम्बर को शपथ लेने की बात भी कर दी थी लेकिन सारे अरमान धराशायी हुए। अब एनडीए पर आरोपों की धज्जियां उड़ाई जाएगी। लेकिन बिहार के मतदाताओं ने शांत मन से यह मूल्यांकन किया कि कौन-सा नेतृत्व राज्य को स्थिरता, सुरक्षा और विकास की राह पर ले जा सकता है। जनता ने यह भी समझा कि सिर्फ विरोध के नाम पर राजनीति टिकाऊ नहीं हो सकती, जब तक उसके पास दृष्टि और साफ नीयत न हो। बिहार ने तुलना करके निर्णय दिया है। बिहार के राजनीतिक विमर्श में दो शब्द हमेशा प्रमुख रहे हैं जंगलराज और सुशासन। बिहार चुनाव में भी यही दो मॉडल आमने-सामने थे। एक सुशासन का मॉडल और दूसरा कानून-व्यवस्था में सुधार। बिहार में संगठित प्रशासन, भ्रष्टाचार विरोधी कदम, विकास परियोजनाओं का विस्तार और शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में निवेश जैसे मुद्दे चर्चा में रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा




योजनाएं और अपराध नियंत्रण और आधुनिक पुलिसिंग से जनता अभिभूत होती दिखाई दी। अव्यवस्था/कट्टा संस्कृति का मॉडल विपरीत परिणाम दे गया। जिन राज्यों में अतीत में ऊंची अपराध दर, रंगदारी, अपहरण उद्योग, गुंडागर्दी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधी प्रमुख धारा में रहे, उसकी यादें कभी मिटती नहीं। बिहार की जनता ने इस चुनाव में इन दोनों मॉडलों की तुलना करते हुए स्पष्ट और निर्णायक फैसला सुनाया है। यह स्पष्ट है कि वह किसी भी रूप में अतीत की अराजकता को वापस नहीं देखना चाहती। कट्टा संस्कृति बनाम क़ानून-व्यवस्था यह केवल चुनावी मुद्दा नहीं, सामाजिक प्रश्न था। बिहार में कट्टा संस्कृति और अपराध की राजनीति सिर्फ राजनीतिक मुद्दे नहीं थे। वे समाज की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े प्रश्न थे। महागठबंधन इस धारणा को मिटाने में असफल रहा कि उनके कई जनाधार वाले क्षेत्रों में अतीत में अपराध और राजनीतिक संरक्षण का गठजोड़ दिखाई दिया था। वहीं दूसरी ओर, स्थिर नेतृत्व ने लगातार यह संदेश दिया कि कानून-व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं होगा। मतदाता ने फिर साबित कर दिया कि सुरक्षा विकास की पहली शर्त है। एसआईआर विवाद से आरोपों की राजनीति का उल्टा असर देखने को मिला। चुनावों में महागठबंधन ने एसआईआर को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा करने का प्रयास किया और प्रधानमंत्री मोदी पर कई मनगढ़ंत आरोप लगाए। लेकिन जनता ने इस वाद-विवाद के राजनीतिक मकसद को समझ लिया। जब आरोप तथ्यों के बजाय भावनाओं पर आधारित हों, तो वे अक्सर उल्टा असर डालते हैं। मतदाता किसी भी नेतृत्व को निराधार आरोपों में उलझता देखना पसंद नहीं करता है। उसके लिए मायने रखता है। "वोटचोर" और "गद्दी चोर" जैसे शब्दों का परिणाम राजनीतिक गरिमा पर चोट करते है। लिहाजा, महागठबंधन ने चुनाव प्रचार की भाषा को जिस तरह व्यक्तिगत और कटु बना दिया, उससे एक बड़ा वर्ग असहज हुआ। राजनीति में गरिमा, संतुलन और संयम महत्वपूर्ण हैं। जब नेता अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं, तो वह उनके चरित्र का परिचय भी देता है। आम मतदाता के मन में यह सवाल उठा कि क्या ऐसे नेतृत्व पर शासन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है? नतीजा यह हुआ कि नकारात्मक अभियान अपना असर खो बैठा और जनमत सुशासन की ओर झुकता चला गया। विकास का एजेंडा क्यों जीता? क्योंकि विकास अब राजनीति का विकल्प नहीं, बल्कि आधार बन चुका है। बिहार के मतदाताओं ने उन क्षेत्रों में हुए बदलावों को महसूस किया है। सड़कें बेहतर हुईं है। बिजली आपूर्ति स्थिर हुई। अस्पतालों का विस्तार, कृषि परियोजनाएं, महिलाओं की सुरक्षा की दिशा में कदम और रोजगार योजनाएं और कौशल केंद्र युवाओं के लिए छात्रवृत्ति व सहायता कार्यक्रम आदि मुख्य बिंदु थे।

महागठबंधन ने बहुमत का भ्रम फैलाया था लेकिन तेजस्वी को हार का सामना करना पड़ा। वही कांग्रेस के खाते में 5 सीटें मिली है। एनडीए खाते में 200 पार का आंकड़ा है। महागठबंधन इन मोर्चों पर ठोस प्रस्तुति देने में असफल रहा। भाषणों से विकास नहीं होता और मतदाता अब केवल नारों से प्रभावित नहीं होते। छवि की राजनीति में कौन विश्वसनीय है? यह चुनाव छवि के आधार पर भी लड़ा गया था। दो छवियां सामने थीं, जिसमें स्थिर, स्पष्ट, ईमानदार और काम-केंद्रित नेतृत्व था। महागठबंधन की करारी हार यह बताती है कि मनगढ़ंत आरोप, नकारात्मक राजनीति और भ्रम फैलाने से चुनाव नहीं जीते जाते। बिहार की जनता ने यह साबित कर दिया कि सुशासन ही सबसे बड़ी राजनीति है। यही कारण है कि इस बार जनता ने कटुता को नहीं, विकास, साफ छवि और कानून-व्यवस्था को चुना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा पुंज के समान है मुंडा का जीवन

आदिवासी जनजातीय समाज के हृदय सम्राट युवा क्रांतिवीर बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातु गांव में एक छोटे गरीब किसान परिवार में हुआ था। मुंडा एक जनजातीय समूह था जो छोटा नागपुर पठार झारखंड निवासी था। बिरसा की प्रारंभिक शिक्षा चाईबासा के जर्मन मिशन स्कूल में हुई। 1890 में बिरसा और उनके परिवार ने भी चाईबासा छोड़ दिया था। 1891 में बिरसा मुंडा आनंद पांडे के संपर्क में आए जो कि रामायण और महाभारत के अच्छे ज्ञाता थे। इन्होंने ब्रिटिश सरकार की शोषणकारी नीतियों के विरुद्ध जनजातीय आदि समाज को संगठित कर दो दल बनाए एक दल धार्मिक प्रचार का और दूसरा राजनीतिक गतिविधियों को संचालित करने का। जनजातीय आदि समाज में बिरसा मुंडा के बढ़ते हुए अनुयायियों को देखते हुए 1895 में इनको पहली बार गिरफ्तार किया गया। वे अपने मुंडा समाज में तब धार्मिक गुरु के रूप में स्थापित हो चुके थे। आगे चलकर धर्म सुधार का यह आंदोलन राजनीतिक आंदोलन में बदल गया। बिरसा मुंडा ने आदिवासी मूल सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए ब्रिटिश सरकार के अन्याय और शोषण के विरुद्ध एक बड़े धार्मिक आंदोलन का नेतृत्व किया जिसे उलगुलान कहा जाता है। बिरसा मुंडा पूर्ण रूपेण आदिवासी समाज के उत्थान हेतु कार्यरत रहे। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए बिरसा ने अपने संपूर्ण आदिवासी समाज को बलिदान हेतु प्रेरित किया। बिरसा मुंडा का पूरा आंदोलन 1895 से लेकर 1900 तक चला। आदिवासी समाज पर बिरसा मुंडा की गहन पकड़ थी। उनके प्रेरक उपदेशों में उमड़ने वाली भीड़ को देखकर ब्रिटिश सरकार चिंतित हो गई थी। ब्रिटिश सरकार ने बड़ी चालाकी के साथ रात के समय में बिरसा को पकड़ कर दो वर्ष का कार्यवास दंड दिया। 30 नवंबर 1897 को जेल से इस शर्त पर इनको रिहा किया गया, वह कभी भी आंदोलन नहीं करेंगे। आदिवासी मुंडा समाज की दयनीय स्थिति को देखकर ये अपने आप को नहीं रोक सके। ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध गुप्त रूप से बिरसा ने नए आंदोलन की तैयारी शुरू की। उस समय चल रहा सरदार आंदोलन जो सुस्त हो गया था। उसके आंदोलनकारी भी बिरसा के साथ हो गए। गुप्त बैठकों में नई रणनीति बिरसा के द्वारा तैयार की गई। इसके फल स्वरूप आदिवासी जनजाति क्षेत्र खूंटी, तमाड़, सरवाडा, बंदगांव, बसिया मे उनके नेतृत्व में नई क्रांति का प्रारंभ हुआ। आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत में जहर घोल रहे ईसाई पादरियों पर इन्होंने खुलकर प्रहार किया। पादरियों के द्वारा फैलाए जा रहे अंधविश्वास का बिरसा ने जमकर विरोध किया, जिसके फलस्वरूप आदिवासी समाज में एक नई क्रांति और आत्म गौरव का जागरण हुआ। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश सरकार से टकराने के लिए अपनी अलग सेना तैयार की।

उनकी सेना तीर कमान चलाने में पूरी तरह से कुशल थी। सन 1897 से 1900 तक बिरसा मुंडा के साथियों और अंग्रेजों में अनेक युद्ध हुए। 1898 में हुई भिड़ंत में बिरसा के 300 तीर कमान से युक्त साथियों ने अंग्रेजों को हराकर भगा दिया था। बिरसा मुंडा के आंदोलन से ब्रिटिश सरकार भयभीत हो गई थी। इस युवा क्रांति वीर ने सर्वप्रथम यह घोषणा कर दी थी कि ब्रिटिश सरकार का राज्य यहां समाप्त हो चुका है। बिरसा ने अपने आदिवासी समुदाय के बीच एक बड़ा प्रसिद्ध नारा दिया 'अबुआ दिशुम अबुआ राज' इसका अर्थ था, अपना देश अपना राज। बिरसा ने जमीदारों और ब्रिटिश पुलिस के बढ़ते अत्याचारों और शोषण का सदैव सशस्त्र क्रांति के माध्यम से विरोध किया। इनका चिंतन था कि आदर्श भूमि व्यवस्था तभी संभव हो सकती है, जब यूरोपियन अफसर और मिशनरी के लोग यहां से पूरी तरह से हट जाएं। 1899 तक इन्होंने संपूर्ण आदिवासी समाज में एक नई क्रांति का आगाज कर दिया था।

बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के अधिकारों तथा स्वतंत्रता के लिए सदैव तत्पर रहे। आदिवासी भूमि अधिकार एवं मूल पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के संरक्षक माने जाते हैं। आदिवासी समाज में बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा दिया गया है। इनको धरती आबा अर्थात धरती का पिता कहा जाता है। ये भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी मुंडा जनजाति के लोकनायक थे। बिरसा एक युवा निडर क्रांतिकारी नेता थे। बिरसा का जीवन संघर्ष से परिपूर्ण है जो आदिवासी समाज को अन्याय शोषण के विरुद्ध खड़ा होने के लिए निरंतर प्रेरित करता है। बिरसा जीवन पर्यंत आदिवासी मूल सांस्कृतिक विरासत, आत्म सम्मान की रक्षा हेतु समर्पित रहे। संपूर्ण आदिवासी समाज के लिए उनका जीवन एक प्रेरणा पुंज के समान है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।


## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आधुनिक भारत के निर्माता जवाहर लाल नेहरु**

भारत में निःसंदेह अंतर्निहित आधारभूत एकता विद्यमान रही है, जो इतनी गहरी है कि भौगोलिक या एकता रस, भाषा, आचार व्यवहार तथा सम्प्रदायों की विविधताओं से ऊपर है। विशाल समुद्र की भांति हजारों नदियां इसमें मिलती रही और अनेक तूफान आए जिससे सतह पर समुद्र ही बना रहा। यह देखकर आश्चर्य होता है कि भारत को आत्मसात करने की क्षमता तथा दूसरों के अनुरूप अपने आपको ढालने की प्रक्रिया किस तरह सतत विद्यमान रही। भारत यह सब केवल इसलिए कर सका क्योंकि स्वतंत्रता के बाद भारत को संवारने का काम नेहरु जी ने अपने हाथों में लिया। भारत के विकास में उनके योगदान के कारण ही वह आधुनिक भारत के निर्माता कहलाते हैं। - **विवेक साहू**, धमतरी

### करंट अफेयर

## बीबीसी ने भ्रामक संपादन को लेकर ट्रंप से माफी मांगी


ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से छह जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के भ्रामक संपादन के लिए बृहस्पतिवार को माफी मांगी, लेकिन यह भी कहा कि वह इस दलील से पूरी तरह असहमत है कि मानहानि के मुकदमे की ठोस वजह है। बीबीसी ने कहा कि इसके चेयरमैन समीर शाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस को व्यक्तिगत रूप से एक पत्र भेजकर कहा है कि वह और बीबीसी ट्रंप के उस भाषण के संपादन पर खेद जताते हैं, जो उन्होंने अपने समर्थकों द्वारा अमेरिकी संसद भवन पर धावा बोलने से पहले दिया था। बीबीसी ने यह भी कहा कि उस वृत्तचित्र को दोबारा प्रसारित करने की कोई योजना नहीं है, जिसमें ट्रंप के भाषण के लगभग एक घंटे के अंतराल के हिस्सों को जोड़कर प्रस्तुत किया गया था। ट्रंप के वकील ने बीबीसी को एक पत्र भेजकर माफी की मांग की थी और एक अरब डॉलर का हर्जाना देने के लिए मुकदमे की धमकी दी थी। बीबीसी के भारतीय मूल के अध्यक्ष समीर शाह ने ट्रंप के भाषण को एक वृत्तचित्र के लिए संपादित करने के तरीके में हुई 'निर्णय की त्रुटि' के लिए सोमवार को भी माफी मांगी थी।




### ऑफ बीट

## कुत्तों और इंसानों का रिश्ता 10 हजार साल से अधिक पुराना

गांव की गलियों में घूमने वाले आवारा कुत्तों से लेकर घरों में पाले जाने वाले टॉय पूडल और मास्टिफ तक, अलग-अलग रंग-रूप, आकार और व्यावहारिक गुणों वाली कुत्तों की सैकड़ों नस्लें पाई जाती हैं। मौजूदा समय में लगभग 70 करोड़ कुत्तों के इंसानों के साथ या उनके आसपास रहने का अनुमान है। हममें से कई लोगों के लिए कुत्ते एक वफादार साथी और परिवार के प्रिय सदस्य की तरह होते हैं। और इतिहास बताता है कि कुत्तों और इंसानों के बीच रिश्तों की जड़ें सदियों पुरानी हैं। इतनी बड़ी संख्या वाले ये जीव कब अस्तित्व में आए और इंसानों के साथ इनका रिश्ता कैसे कायम हुआ? 'साइंस' पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित दो नये अध्ययन इन सवालों का जवाब देने की कोशिश करते हैं। मॉन्टपेलियर विश्वविद्यालय की एलोवेन एविन के नेतृत्व में किया गया पहला अध्ययन कुत्तों के प्राचीन अवशेषों पर आधारित है। वहीं, कुनमिंग इंस्टीट्यूट ऑफ जूलॉजी के शाओ-जी झांग की अगुवाई में हुए दूसरे अध्ययन में प्राचीन पूर्वी यूरेशियन कुत्तों के डीएनए को केंद्र में रखा गया है। कुल मिलाकर दोनों अध्ययनों से पता चलता है कि कुत्तों और इंसानों के साथ उनके संबंधों की कहानी अनुमान से कहीं अधिक पुरानी और जटिल है।



### ट्रेंड

**बिहार वासियों को नमन**

'बिहार भूमि' की जनता को कोटि-कोटि नमन। बिहारवासियों द्वारा एनडीए को यह प्रचंड जनादेश, बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



**कोटि-कोटि नमन**

'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा का जीवन सम्मान, समानता और स्वाभिमान के लिए जनजागरण का प्रेरणास्रोत है। स्वाधीनता संग्राम के महानायक मुंडा की जयंती के पूर्व दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं 'जनजातीय गौरव दिवस' की शुभकामनाएं।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



**असम में हिंदू अल्पसंख्यक**

दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में डॉक्टर जिहाद से जुड़े जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उनकी असम से तुलना नहीं की जा सकती। यहाँ स्थिति और भी गंभीर है। कई ज़िलों और गाँवों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। अस्पताल, मीडिया और ऐसे कई क्षेत्रों पर उनका पूरा नियंत्रण है।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**



**'आप' पर भरोसा**

तरन-तारन उपचुनाव में मिली इस ऐतिहासिक जीत ने साफ़ कर दिया है कि पंजाब की जनता को काम की राजनीति और भगवंत मान का ईमानदार नेतृत्व ही पसंद है। पंजाब ने एक बार फिर आप पर अपना भरोसा जताया है।
**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**



**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

मुख्यमंत्री सैनी ने कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में की घोषणा

# बड़खालसा में दादा कुशाल सिंह दहिया के शहीदी स्मारक का किया जाएगा जीर्णोद्धार

## मुख्यमंत्री सैनी ने की बढ़खालसा स्मारक को 31 लाख रुपए देने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर सोनीपत जिले के राई में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे दादा कुशाल सिंह दहिया जैसे वीरों के आदर्शों से प्रेरणा लें और भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ अपने धर्म, संस्कृति एवं देश की गरिमा की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अनेक घोषणाएं करते हुए कहा कि जीटी रोड से बड़खालसा जाने वाली रोड, जो नग्गल कलां से मनौली गांव तक जाती है, का नाम दादा कुशाल सिंह दहिया मार्ग किया जाएगा। बढ़खालसा सामुदायिक केंद्र का नाम अमर शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया किया जाएगा। गांव बड़खालसा में दादा कुशाल सिंह दहिया के शहीदी स्मारक का जीर्णोद्वार किया जाएगा। गांव दीपालपुर में ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि पर एक करोड़ रुपए की राशि से महिलाओं एवं युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट पार्क बनाया जाएगा। साथ ही, गांव दीपालपुर में कम्युनिटी सेंटर का निर्माण करवाने की भी घोषणा की जिसके ऊपर लगभग 65 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री ने बढ़खालसा स्मारक को भी 31 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### दादा कुशाल सिंह दहिया का बलिदान स्वाभिमान, साहस और वीरता की अद्वितीय मिसाल

**जीटी रोड से बड़खालसा जाने वाली रोड का नाम दादा कुशाल सिंह दहिया मार्ग किया जाएगा**



मुख्यमंत्री ने कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के पवित्र शीश को आनंदपुर साहिब तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए अपना स्वयं का शीश समर्पित कर दिया था। उनका यह बलिदान स्वाभिमान, साहस और वीरता की अद्वितीय मिसाल है, जो इतिहास के पृष्ठों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य स्तरीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य दादा कुशाल सिंह दहिया के त्याग और बलिदान की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर धर्म, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित कर सके। उन्होंने कहा कि बढ़खालसा स्मारक परिसर, राई को एक राष्ट्रीय स्तर के प्रेरणा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि आने वाली पीढ़ियां इस महान बलिदान से निरंतर प्रेरणा प्राप्त करती रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान के मूल में श्री गुरु तेग बहादुर जी की प्रेरणा निहित थी, जिन्होंने धर्म की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर किए और 'हिंद की चादर' के रूप में विख्यात हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के पावन चरण हरियाणा की भूमि पर अनेक बार पड़े। अपने विभिन्न प्रवासों के दौरान उन्होंने यहां की संगत को आध्यात्मिक ज्ञान दिया और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक तथा विधायक श्रीमती कृष्णा गहलावत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, डॉ अरविंद शर्मा, दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, विधायक पवन खरखोदा ,निखिल मैदान ,देवेंद्र कादियान,रणधीर पनिहार, राजेश जून, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बड़खालसा, दादा कुशाल सिंह दहिया समिति के प्रधान वीर सिंह दहिया सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

# बिहार के नतीजों में 'महाराष्ट्र पैटर्न' साफ नजर आया, भाजपा का 'राष्ट्रीय एजेंडा' पूराः राउत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बिहार चुनाव में एनडीए की भारी जीत और महागठबंधन की करारी हार पर शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव नतीजे चौंकाने वाले नहीं हैं। राउत ने एक्स पर कहा कि बिहार के नतीजों में 'महाराष्ट्र पैटर्न' साफ नजर आ रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग और भाजपा पर सांठगांठ का आरोप भी लगाया। उनका इशारा 2024 के महाराष्ट्र चुनाव की तरफ था, जिसमें विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) को हार झेलनी पड़ी थी। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर अपना 'राष्ट्रीय एजेंडा' पूरा किया है। राउत ने यह भी कहा कि बिहार के ये नतीजे 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तरह ही हैं, जहां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना और राकांपा) को बड़ी जीत मिली थी। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों पर हैरान होने की जरूरत नहीं है।


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एनआईटी | 44, GEM/2025/B/6876723-2025-26-डब्ल्यू.-5 |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | एनआईटी–44: नई दिल्ली–पलवल में सीटीआर और टीएसआर कार्यः टीएसआर(पी)–54.430 किलोमीटर और गढ़ी हरसरू फर्रुखनगर (एसएल):–सीटीआर(पी)–7.750 किलोमीटर, ओखला–लाजपत नगर (डीएएल):–टीएसआर(पी)–0.700 किलोमीटर ईएमयू लाइन–सीटीआर(पी):–1.485 किलोमीटर और टीआरआर(पी)–0.100 किलोमीटर नई दिल्ली–पलवलः सीनियर डीईएन–बीडीएलआई के अनुभाग में ठेकेदार की अपनी एसक्यूआरएस मशीन के साथ सीटीआर(पी) 3.693 टीकेएम का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक को तनावमुक्त करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैम्पिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंगमशीन और टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं, टी–28 द्वारा किया कार्य। <br> एनआईटी–6876723: वरिष्ठ मंडल अभियंता/पंचम के अधीन एक वर्ष की अवधि के लिए एडीईएन टीकेडी, एडीईएन एचएनजेडएम और एडीईएन डीईई के तहत ट्रैक के निरीक्षण और गश्त के लिए गश्ती दल (आउटसोर्स स्टाफ) की भर्ती का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** रेलवे लाइनों की गश्त या लेवल क्रॉसिंग पर तैनात करने के लिए पूर्व सैनिकों की आपूर्ति का कार्य। |
| काम की अनुमानित लागत (₹) | एनआईटी–44: ₹15,53,95,255.94 <br> एनआईटी–6876723: ₹1,12,70,480.70 |
| अग्रिम राशि (₹) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) **(नोटः** रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा) <br> एनआईटी–44: ₹9,27,000/- <br> एनआईटी–6876723: ₹2,81,762/- |
| काम की समाप्ति अवधि | एनआईटी–44 एवं 6876723 के लिएः 12 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 08.12.2025 को 15:00 बजे तक तथा 08.12.2025 को 15:00 बजे & 09.12.2025 को 15:00 बजे तक तथा 09.12.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा IREPS वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in i.e. www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

No.: 128-W/280/OET/2025-26/W-V/NIT-44 & GEM/2025/B/6876723-2025-26 Dated: 14.11.2025 3548/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**ISF LIMITED**

Regd. Office: Khasra No. 10/2, Samalka, New Delhi, Gurgaon Road, South West Delhi, New Delhi, India- 110037
CIN NO : L74899DL1988PLC076648, Email id: info@isflimited.in, Website: www.isflimited.in

Statement of Unaudited Financial Results for the second quarter and half year ended on 30th September , 2025

(Rs. Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended (Reviewed) 30.09.2025 | Year ended (Audited) 31.03.2025 | Quarter Ended (Reviewed) 30.09.2024 |
|---|---|---|---|
| Total Income from operations | 44.77 | 178.83 | 44.58 |
| Net Profit from ordinary activities after Tax | 11.38 | -0.65 | 2.14 |
| Net Profit for the period after tax (after Extra ordinary itms) | 11.38 | -0.65 | 2.14 |
| Equity Share Capital (Face value of Re. 1/- each) | 95000000 | 95000000 | 95000000 |
| Equity Warrant (Face value of Re. 1/- each 25% paid up) | 0 | 0 | 0 |
| Reserves Excluding revaluation reserves as per Balance Sheet of previous accounting year (31.03.2025) | | 392.07 | |
| Earning Per Share (before extraordinary items) of Re. 1/- each (not annualised) | 0.0120 | -0.0007 | 0.0023 |
| Earning Per Share (before extraordinary items) of Re. 1/- each (not annualised) | 0.0120 | -0.0007 | 0.0023 |


The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com) and Company's Website (www.isflimited.in)

Place: Noida
Date: 14.11.2025

For ISF Limited
SD/-
Anjali Raj
Company Secretary & Compliance Officer
M. No. A77251


## आगामी कुछ महीनों में शुरू होगा इसका उत्पादन

# डीआरडीओ की एमपी-एयूवी प्रणाली से आसानी से लगाया जा सकेगा बारूदी सुरंगों का पता



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की विशाखापट्टनम स्थित नौसेना विज्ञान-प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (एनएसटीएल) ने बारूदी सुरंग निरोधक अभियानों के लिए नए पीढ़ी के मानव-पोर्टेबल ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल्स (एमपी-एयूवी) का सफलता के साथ विकास किया है। जिसकी मदद से बारूदी सुरंगों का रियल टाइम में पता लगाने में आसानी होगी।

यह प्रणाली नौसेना के लिए मददगार साबित होगी। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि एमपी-एयूवी की एक खास बात यह भी है कि इसमें बारूदी सुरंगों जैसी वस्तुओं के वर्गीकरण के लिए प्राथमिक पेलोड के रूप में साइड स्कैन सोनार और पानी के अंदर कैमरों से सुसज्जित कई एयूवी भी शामिल हैं। जिनकी मदद से ऑपरेटर का कार्यभार और मिशन का समय काफी कम हो जाता है। साथ ही ऑनबोर्ड डीप लर्निंग वाले टारगेट रिकॉग्निशन एल्गोरिदम ऑटोनोमस वर्गीकरण में मदद मिलती है।

## बारूदी सुरंगों के मामले में बड़ा समाधान

डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने इस सफलता के लिए एनएसटीएल की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा, एमपी-एयूवी की तैनाती योग्य, बुद्धिमान और नेटवर्क से लैस माइन काउंटर मेजर समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो कि नौसैनिक माइन युद्ध अनुप्रयोगों के लिए निम्न परिचालन जोखिम और लॉजिस्टिक उपलब्धता के साथ त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता प्रदान करता है।

## कुछ महीनों में शुरू होगा उत्पादन

प्रणाली से जुड़े हुए बंदरगाह परीक्षणों के दौरान एनएसटीएल प्रयोगशाला ने प्रमुख प्रणाली मापदंडों और जरूरी मिशन उद्देश्यों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया है। एमपी-एयूवी में परिचालन के दौरान अंतर-एयूवी डेटा विनिमय को सरल बनाने के लिए एक मजबूत अंतर-जलीय ध्वनिक संचार को एकीकृत किया गया है। जिसका फायदा स्थितिजन्य जागरूकता के रूप में होता है। प्रणाली के निर्माण कार्य में कई उद्योग भागीदार शामिल रहे हैं और यह अगले कुछ महीनों में उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगी।


**Intec Capital Limited**

SAPNE AAPKE, BHAROSA APNO KA

CIN: L74899DL1994PLC057410
Regd. Off. 708, Manjusha Bulding, 57 Nehru Place, New Delhi – 110019
T-+91-11-46522200/300; F-+91-1146522333 Website: www.inteccapital.com

EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2025

( Rs. in lacs except per equity share data)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year ended | | Yearly ended | Quarter Ended | | | Half Year ended | | Yearly ended |
| | | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| 1 | Total income from operations | 83.43 | 623.09 | 13.73 | 706.52 | 14.92 | 436.53 | 83.63 | 623.29 | 16.13 | 706.92 | 19.72 | 445.59 |
| 2 | Net profit/(loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | (19.92) | 520.24 | (77.13) | 500.32 | (199.78) | 124.00 | (23.96 | 516.20 | (78.93) | 492.24 | (203.32) | 115.88 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (19.92) | 395.86 | (77.13) | 375.94 | (199.78) | 124.00 | (23.96) | 391.82 | (78.93) | 367.86 | (203.32) | 115.88 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (55.93) | 301.29 | (89.05) | 245.36 | (218.89) | 30.04 | (59.97) | 297.25 | (90.85) | 237.28 | (222.43) | 21.92 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period(after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (56.25) | 300.95 | (88.52) | 244.70 | (217.84) | 28.70 | (60.29) | 296.91 | (90.32) | 236.62 | (221.38) | 20.58 |
| 6 | Paid -up Equity share capital (Face Value Rs. 10/- each) | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | | 1,836.63 | 1,836.63 | | 1,836.63 | 1,836.63 |
| 7 | Earnings as per share (Face Value of Rs.10/- each) {For continuing and discontinuing operations} | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | | 10.00 | 10.00 | | 10.00 | 10.00 |
| | 1. Basic (in Rs.): | (0.30) | 1.64 | (0.48) | 1.34 | (1.19) | 0.16 | (0.33) | 1.62 | (0.49) | 1.29 | (1.21) | 0.12 |
| | 2. Diluted (in Rs.): | (0.30) | 1.64 | (0.48) | 1.34 | (1.19) | 0.16 | (0.33) | 1.62 | (0.49) | 1.29 | (1.21) | 0.12 |

Notes-
(1) The above is an extract of the detailed format of un-audited financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial results are available on the stock Exchange websites viz. www.bseindia.com and on company's website viz. www.inteccapital.com.(2) The above financials have been reviewed and recommended by the Audit Committee and subsequently approved and taken on records by the Board of Director at their meetings held on November 14, 2025.

Date: 14.11.2025
Place: New Delhi

For Intec Capital Limited
Sd/-
Niharika Gupta
Company Secretary & Compliance Officer
M. No - A59325


## दिल्ली बम धमाका मामला

# पुलवामा में रातों-रात आतंकी उमर नबी का मकान धराशायी

### कार्रवाई से पहले मां के डीएनए नमूने से मैच किया



पुलवामा में डॉ. नबी (इनसेट में) का ध्वस्त घर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए धमाके के मामले में आतंकी डॉ. उमर नबी के पुलवामा स्थित घर को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है।

यह कार्रवाई 13-14 नवंबर की दरमियानी रात पुलवामा के कोईल इलाके में की गई, जहां घर को विस्फोटक सामग्री का उपयोग करके गिराया गया। धमाके में इस्तेमाल की गई आई20 कार, जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक रखा गया था, जिसे उमर नबी ही चला रहा था। जांच एजेंसियों ने उमर की पहचान घटनास्थल से मिले डीएनए नमूने उसकी मां के डीएनए से मैच होने के बाद पक्की की। जांच में सामने आया है कि पाकिस्तानी हैंडलर आतंकी डॉ. उमर को पल-पल की अपडेट दे रहा था। मुजम्मिल की गिरफ्तारी के बाद हैंडलर ने डॉ. उमर को कहा कि तुम यहां से जल्दी निकलो। पाकिस्तानी हैंडलर ने उमर को मेवात समेत आस-पास के इलाके में छिपने के ठिकाने बताए। इस दौरान पाकिस्तानी हैंडलर ने ही डॉ. उमर की मदद के लिए अन्य लोगों को भी काम पर लगाया। आतंकी डॉ. उमर के साथ जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद (जीयूएच) से जुड़े तीन आतंकी 2022 में तुर्किये गए थे। वहां अंकारा में उनकी मुलाकात हैंडलर उकासा से हुई। टेलीग्राम एप पर शुरू हुई बातचीत बाद में सिग्नल और सेशन पर स्थानांतरित हो गई। इसी दौरान साजिश रची, जिनमें गाड़ियों में आईईडी से धमाके शामिल थे।


**SINDHU TRADE LINKS LTD.**

129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter & Half Year ended 30th September, 2025
CIN: L63020DL1992PLC121695 | Website: www.sindhutrade.com | Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com | Phone: 0124-6913000

Extracts of Standalone & Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter & Half Year Ended on 30.09.2025 (In Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited | 30.09.2024 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| Total Income from operations | 11,423.57 | 12,273.24 | 11742.87 | 23,696.81 | 24603.97 | 50,810.63 | 14,939.57 | 17,443.07 | 63562.19 | 32,382.64 | 119658.78 | 2,29,270.40 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 775.06 | 814.45 | 1744.71 | 1589.51 | 3917.57 | 4,615.30 | 745.18 | 936.09 | 12844.82 | 1681.27 | 23019.95 | 16,039.75 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 775.06 | 814.45 | 1744.71 | 1589.51 | 3917.57 | 4,615.30 | 1232.71 | 2,273.33 | 12844.82 | 3506.04 | 23019.95 | 16,633.35 |
| Net profit/ (Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 636.44 | 427.61 | 1454.53 | 1064.05 | 3119.57 | 3,849.70 | 1081.66 | 1,879.34 | 11654.27 | 2961.00 | 18803.94 | 12,158.92 |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit / Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 636.41 | 427.63 | 1454.51 | 1064.04 | 3119.60 | 4,377.62 | 1634.96 | 1,873.68 | 13323.28 | 3508.64 | 20654.56 | 17,007.81 |
| Equity Share Capital | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15419.29 | 15,419.29 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 77,498.18 | 76,861.77 | 75396.89 | 77,498.18 | 75396.89 | 76,434.14 | 1,48,088.06 | 1,46,578.69 | 141698.99 | 1,48,088.06 | 141698.99 | 1,45,364.07 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of 1/-each) | | | | | | | | | | | | |
| Basic: | 0.04 | 0.03 | 0.09 | 0.07 | 0.20 | 0.25 | 0.05 | 0.08 | 0.42 | 0.13 | 0.55 | 0.17 |
| Diluted: | 0.04 | 0.03 | 0.09 | 0.07 | 0.20 | 0.25 | 0.05 | 0.08 | 0.42 | 0.13 | 0.55 | 0.17 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 14th November, 2025.
2. The above Unaudited financial results of the Company for the Quarter & half year ended on 30th September, 2025 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 14th November, 2025.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

Place: Gurugram
Dated: 14.11.2025

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
(Chairman & Director)
DIN: 00006999

# ट्यूबलेस नहीं, अब आ गया 'एयरलेस टायर'! कीमत नॉर्मल टायर से अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तकनीकी के लगातार बढ़ते दौर में ऑटोमोबाइल सेक्टर भी पीछे नहीं है। एक समय था जब गाड़ियों में ट्यूब वाले टायर हुआ करते थे, उसके बाद ट्यूबलेस टायर आए और अब ऑटोमोबाइल तकनीक ने नई छलांग लगाई है।


- पंक्चर से जुड़ी आम समस्या का समाधान माना जा रहा

दरअसल अब मार्केट में एयरलेस टायर आने लगे हैं। यह टायर ड्राइवर की पंक्चर से जुड़ी आम समस्या का सबसे बड़ा समाधान माना जा रहा है, जो लगभग हर किसी को झेलनी पड़ती है। एयरलेस टायर को चलाने के लिए हवा की जरूरत नहीं होती है। इन्हें ऐसे डिजाइन से तैयार किया गया है जिससे कम रखरखाव और कम खतरे के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। एक एयरलेस टायर खरीदने के लिए कस्टमर को ट्यूबलेस टायर से अधिक पैसे खर्च करना होगा।

## सबसे सस्ते एयरलेस टायर की कीमत 10,000 से 20,000 के बीच

### क्यों खास है एयरलेस टायर?

एयरलेस ऐसे टायर होते हैं जिन्हें हवा की जरूरत नहीं होती है। उन्हें फुलाने की बजाय ऐसे डिजाइन किया गया है जो बिना डिफ्लेशन या पंक्चर के गाड़ी में फिट हो जाते हैं। इसके अंदर हवा नहीं होती, इसलिए ये न तो फटते हैं और न ही पंक्चर होते हैं। इन टायरों में रबर स्पोक और बेल्ट का इस्तेमाल किया जाता है, जो इसको कंट्रोल करने और टायर की शेप बनाए रखने में मदद करते हैं।






*अंदर की संरचना बाहर भी दिखाई देती है : वहीं, एयरलेस टायरों के अंदर की संरचना बाहर से भी दिखाई देती है, जो इसे एक अलग लुक देती है। एयरलेस टायरों की सबसे बड़ी खासियत है कि इनमें हवा की जरूरत नहीं पड़ती है, इसलिए पंक्चर या फटने का कोई डर नहीं रहता है। यह पूरी तरह रखरखाव से मुक्त होते हैं। यानी इनमें हवा के दबाव की जांच या बार-बार रिपेयर की जरूरत नहीं होती है। वहीं यह टायर लंबी दूरी या ऑफ रोड ड्राइविंग के लिए भी सेफ माने जाते हैं।*

### सबसे पहले मिशेलिन ने लांच किया टायर

एयरलेस टायर को सबसे पहले मिशेलिन ने लांच किया था। इसे मिशेलिन ने वाहन निर्माता कंपनी जनरल मोटर के साथ मिलकर तैयार किया था। इसका पहला इस्तेमाल शेवरले बोल्ट कार में किया गया। बाद में गुडईयर जैसी बड़ी कंपनियों ने भी तकनीक पर काम शुरू किया।

### एयरलेस टायर ट्यूबलेस टायर से कितना महंगा?

*फिलहाल बाजारों में मिलने वाले सबसे सस्ते एयरलेस टायर की कीमत 10,000 से 20,000 के बीच शुरू होती है। यह कीमत टायर के साइज, क्वालिटी और ब्रांड के हिसाब से बदल सकती है। हालांकि माना जा रहा है कि जैसे-जैसे यह मार्केट में ज्यादा उपलब्ध होंगे, इसके दाम में भी कमी हो सकती है। वहीं, भारत में ट्यूबलेस टायर भी सबसे आम ऑप्शन माने जाते हैं। भारत में ट्यूबलेस टायर की कीमत की बात करें तो यह 1500 से लेकर 60 हजार तक में मिल जाते हैं जो साइज, ब्रांड और उपयोग पर निर्भर करते हैं। इसका मतलब है कि एयरलेस टायर ट्यूबलेस टायर की तुलना में कई गुना महंगे होते हैं।*

## खबर संक्षेप

### ईमामी लिमिटेड ने रणनीतिक रीब्रांडिग की घोषणा की

**कोलकाता।** केश किंग, भारत का एक प्रमुख आयुर्वेदिक हेयरकेयर ब्रांड है। इस ब्रांड ने अपने आपको एक नया रूप देने के लिए रीब्रांडिंग की पहल करते हुए पेश किया है केश किंग गोल्ड।




इससे ब्रांड की पहचान, प्रस्तुति और पैकिजंग को एक नया और आकर्षक दर्जा मिला है। इस रीब्रांडिग के ज़रिये ईमामी ने अपने ब्रांड केश किंग के लिए एक अलग रणनीति को अपनाया है। अब यह केवल अपने पारंपरिक आयुर्वेदिक बुनियाद तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसने एक दमदार नई सोच को अपनाया है: आयुर्वेद + विज्ञान उत्पाद के इस नए अवतार से ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता, प्रभावशीलता और उपयोगिता का लाभ मिलेगा और वो भी बिल्कुल नए रूप में। ब्रांड के आयुर्वेद की परंपरा को पूरी तरह से बरकरार रखते हुए इस नए उत्पाद को ग्राहकों की मांगों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मौजूदा समय में ग्राहक विशुद्ध, प्रभावशाली और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित उत्पाद ही पसंद करते हैं। केश किंग गोल्ड ग्राहकों की इन सभी मांगों को पूरा करता है क्योंकि इसमें है ग्रो बायोटिन और प्लांट ओमेगा 3-6-9 जैसे प्रमुख वैज्ञानिक उपादानों के साथ 21 भरोसेमंद आयुर्वेदिक जड़ीबूटियों के तत्व। बालों की वृद्धि और बालों के झड़ने को कम करने में इन उपादानों की उपयोगिता क्लिनिकली प्रमाणित है।

### दाल, सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई गिरावट

# थोक महंगाई में अक्टूबर में 1.21 प्रतिशत की गिरावट, 27 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दालों और सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी से थोक मुद्रास्फीति में अक्टूबर में गिरावट दर्ज की गयी और यह 27 महीने के निचले स्तर शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति पिछले साल सितंबर में 0.13 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 2.75 प्रतिशत रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, 'अक्टूबर 2025 में मुद्रास्फीति में गिरावट की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस, बिजली, खनिज तेलों और मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में नरमी रही।' थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में 5.22 प्रतिशत के मुकाबले अक्टूबर में 8.31 घटी।



- ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में आई नरमी
- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, बिजली आदि की कीमतों में आई गिरावट
- थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही

### प्याज और आलू की कीमतों में भी गिरावट दर्ज

प्याज, आलू, सब्जियों और दालों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की महंगाई दर में अक्टूबर में 34.97 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि सितंबर में यह 24.41 प्रतिशत थी। दालों में अक्टूबर में 16.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि आलू और प्याज में यह क्रमशः 39.88 प्रतिशत और 65.43 प्रतिशत रही। विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति सितंबर के 2.33 प्रतिशत से घटकर 1.54 प्रतिशत हो गई।

### कर कटौती से वस्तुओं की कीमतें कम हुई

कर कटौती से वस्तुओं की कीमतें कम हुईं तथा पिछले वर्ष की अनुकूल मुद्रास्फीति आधार के कारण थोक और खुदरा मुद्रास्फीति दोनों में कमी आई। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 0.25 प्रतिशत के सर्वकालिक निम्न स्तर पर रही जो जीएसटी दरों में कटौती और पिछले साल के उच्च आधार के कारण कम हुई। सितंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी।

### नवंबर में थोक महंगाई एक फीसदी से कम रहेगी

ईंधन और बिजली की कीमतें अक्टूबर में 2.55 प्रतिशत कम हुईं जबकि पिछले महीने इनमें 2.58 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, '' वित्त वर्ष 2025-26 के बाकी समय में अनुकूल तुलनात्मक आधार से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट का दौर जारी रहने की उम्मीद है। ऐसे में इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि नवंबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति में गिरावट एक प्रतिशत से कम रहेगी।''

### रेपो दरों में कटौती करने का बनेगा दबाव

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) खुदरा मुद्रास्फीति पर नजर रखता है। केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। खुदरा और थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में गिरावट से आरबीआई पर तीन से पांच दिसंबर को होने वाली अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दरों में कटौती करने का दबाव बनेगा।

### थोक मुद्रास्फीति सीमित दायरे में रहेगी

पीएचडीसीसीआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं महासचिव रंजीत मेहता ने कहा कि उद्योग मंडल को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, खाद्यान्नों के पर्याप्त भंडार और खरीफ की अच्छी फसल के कारण थोक मुद्रास्फीति सीमित दायरे में रहेगी।

# घरेलू मांग पूरी करने खाद्य तेल आयात में की गई वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- खाद्य तेल आयात 22 फीसदी बढ़कर 1.61 लाख करोड़ रुपए

भारत ने घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अक्टूबर में समाप्त विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात किया। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी है।

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विपणन वर्ष 2023-24 (नवंबर-अक्टूबर) में, भारत का खाद्य तेल आयात 1.32 लाख करोड़ रुपये मूल्य का 1.59.6 करोड़ टन रहा था। उच्च वैश्विक कीमतों के कारण मूल्य के संदर्भ में खाद्य तेल आयात में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात करता है जबकि सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राजील से आता है। एसोसिएशन ने कहा, ''आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटने के लिए, भारत 1990 के दशक से आयात का सहारा ले रहा है। शुरुआती दौर में आयात की मात्रा बहुत कम थी। हालांकि, पिछले 20 वर्षों (2004-05 से 2024-25) में आयात की मात्रा 2.2 गुना बढ़ गई है, जबकि आयात की लागत लगभग 15 गुना बढ़ी है।'वर्ष 2024-25 में, भारत को 160 लाख टन (16 मिलियन टन) खाद्य तेलों के आयात पर लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये (18.3 अरब डॉलर) खर्च करने होंगे। 2022-23 में एक करोड़ 64.7 लाख टन, विपणन वर्ष 2021-22 में एक करोड़ 40.3 लाख टन और विपणन वर्ष 2020-21 में एक करोड़ 31.3 लाख टन रहा।


**D. D. VENTURES LIMITED**

CIN No. :- L50102DL1984PLC017834
**Regd. Office** : 68-68/1, Basement-1, Najafgarh Road, Industrial Area, Moti Nagar, West Delhi-110015
**Email Id:** a.bhaskar@ddmotors.net,
**Website:** www.ddventures.in, **Tel. No.** 011-44400444

**"Extract of Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended September 30, 2025"**

(Rs. in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | QUARTER ENDED 30.09.2025 (Unaudited) | QUARTER ENDED 30.06.2025 (Unaudited) | YEAR ENDED 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 | 28.80 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | -0.98 | -1.74 | 0.24 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -0.98 | -1.74 | 0.24 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -0.98 | -1.74 | 0.20 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | -0.98 | -1.74 | 0.20 |
| 6 | Equity Share Capital | 94.60 | 94.60 | 94.60 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet | -94.62 | -94.62 | -94.62 |
| 8 | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) | | | |
| | 1. Basic : | -0.10 | -0.18 | 0.02 |
| | 2. Diluted : | -0.10 | -0.18 | 0.02 |

**Notes:** 1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30.09.2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Unaudited Financial Results is available on the websites of the Stock Exchange www.msei.in and the Company www.ddventures.in.

For and on behalf of the Board of
D. D. Ventures Limited
Sd/-
(S D Sharma)
Director
DIN: 07422151

Place : New Delhi
Date : November 14, 2025



## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**


### मुथूट फाइनेंस के लाभ में 87 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** 'गोल्ड लोन' देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 87 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2,345 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ 1,251.1 करोड़ रुपये था। मुथूट फाइनेंस ने कहा कि उसकी कुल आय बढ़कर 6,461 करोड़ रुपये हो गई।

# शेयर बाजार 450 अंक गिरने के बाद संभला

एजेंसी ▶▶| मुंबई




- सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त के साथ बंद
- निवेशकों ने निचले स्तर पर की खरीदारी

स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती गिरावट से उबरकर मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 84 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही।

निवेशकों ने निचले स्तर पर प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली की, जिससे बाजार बढ़त में रहा। इस दौरान एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयर), बैंकिंग और दूरसंचार क्षेत्र के शेयरों में लिवाली हुई। कारोबार की शुरुआत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 449.35 अंक की गिरावट के साथ 84,029.32 पर खुला। निफ्टी 138.35 अंक की गिरावट के साथ 25,740.80 पर खुला। हालांकि, दोनों प्रमुख सूचकांकों ने बाद में सुधार दर्ज किया और लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 84.11 अंक बढ़कर 84,562.78 पर निफ्टी 30.90 अंक चढ़कर 25,910.05 पर बंद हुआ। एसबीआई सिक्योरिटीज के तकनीकी अनुसंधान और वायदा-विकल्प प्रमुख सुदीप शाह ने कहा, ''निवेशकों का ध्यान आगामी आरबीआई एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की एफओएमसी बैठकों पर है। इसलिए उन्होंने फिलहाल इंतजार करना बेहतर समझा।'' बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.03 प्रतिशत गिरा, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक 0.06 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बैंकिंग और एफएमसीजी शेयरों के समर्थन से बाजार लाभ में बंद हुआ। बिहार विधानसभा चुनाव में राजग की जीत ने धारणा को मजबूत किया।

# सोना 1,500 रुपए टूटा, चांदी भी फिसली



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये टूटकर 1,29,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों के बाद कमजोर वैश्विक रुख के साथ सोने के भाव में नरमी आई।अधिकारियों ने संकेत दिया कि ताजा आर्थिक आंकड़ों के अभाव में ब्याज दरों में और कटौती में देरी हो सकती है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,500 रुपये घटकर 1,28,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,30,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमतें भी 4,200 रुपये गिरकर 1,64,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,69,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजार में, हाजिर सोना 33.58 डॉलर यानी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,137.88 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि हाजिर चांदी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.03 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार पर रही।

### मेगा एमएसएमई व रिटेल आउटरिच कैंप आयोजित


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा 14 नवम्बर 2025 को मेगा एमएसएमई एवं रिटेल आउटरिच कैंप का सफल आयोजन जीआईए हाउस, गुड़गाँव में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्यमों (एमएसएमई) एवं खुदरा ऋणों के लिए ग्राहकों तक पहुँच बढ़ाने तथा सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं व वित्तीय समावेशन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ उद्योग क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई से श्री के. एम. मिश्रा, उप महाप्रबंधक (एमएसएमई वर्टिकल), श्री अरुण कुमार, उप अंचल प्रमुख, दिल्ली अंचल, श्री जगन्नाथ मंगला, पूर्व प्रेसिडेंट-गुड़गाँव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, श्री सुमित राव, प्रेसिडेंट- गुड़गाँव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, श्री के. के. गांधी, प्रेसिडेंट-इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एसोसिएशन एवं श्री आर. के. वोहरा, महासचिव-इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एसोसिएशन उपस्थित थे।



**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 1109 – एम.सी. सोनीपत के तहत वार्ड नं. 14 (पूर्वी साइड) में विभिन्न सीवर लाइन की गाद निकालने के लिए आकलन + 11 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | रु. 241.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40325/I/88/7 दि. 14.11.25


## राशिफल


**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।


**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।


**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।


**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।



**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6048



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6047 का हल






# आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो को रेड कार्ड, विश्व कप खेलने पर मंडराया प्रतिबंध का खतरा



एजेंसी ▶▶| डबलिन

पुर्तगाल के लंबे समय के करिश्माई खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे हाफ में आयरलैंड के डिफेंडर दारा ओशे को कोहनी मारने के लिए रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद मैदान से बाहर जाने को कहा गया। इसके परिणामस्वरूप, अगर पुर्तगाल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर भी लेता है, तो 40 वर्षीय रोनाल्डो पर विश्व कप के पहले मैच के लिए प्रतिबंध लगने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस मैच में पुर्तगाल को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

## फ्रांस ने किया फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई



### हिंसक आचरण के लिए लग सकता है तीन मैचों का बैन

पुर्तगाल और आर्मेनिया के बीच रविवार को होने वाले मैच को रोनाल्डो नहीं खेल सकेंगे। इस मैच में जीत से पुर्तगाल के पास अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा। फीफा के अनुशासनात्मक नियमों के अनुसार, इसके जज से समूह को 'गंभीर बेईमानी' के लिए कम से कम दो मैचों का प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। 'हिंसक आचरण' के लिए कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध शामिल है। कोहनी मारने को अगर हिंसक माना गया तो रोनाल्डो पर तीन मैचों का प्रतिबंध लग सकता है।

### रेफरी ने दिखाया था पहले पीला कार्ड

फीफा का प्रतिबंध प्रतिस्पर्धी मैचों पर लागू होगा और टूर्नामेंट से पहले के अभ्यास मैचों में नहीं लगाया जा सकता। अवीवा स्टेडियम में लगभग एक घंटे के खेल के बाद जब आयरलैंड 2-0 की आश्चर्यजनक बढ़त बनाए हुए था तब रोनाल्डो ने अपनी दाहिनी कोहनी ओशे की पीठ पर मार दी। रेफरी ने पहले पीला कार्ड दिखाया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उसे रेड कार्ड में बदल दिया। आयरलैंड के प्रशंसकों के हूटिंग किए जाने के बाद रोनाल्डो ने मैदान से बाहर जाते समय कुछ पल के लिए रुके और प्रशंसकों की ओर देखा। उन्होंने कटाक्ष भरे लहजे में ताली बजाई और व्यंग्यात्मक अंदाज में दोनों हाथों के अंगूठे दिखा।

## खबर संक्षेप

### रथिका ने जीता बोंडी ओपन स्क्वाश का खिताब



**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन ने सिडनी में बॉन्डी ओपन के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मेडन ली कोए को 3-0 से हराकर अपने कॅरियर का दूसरा पीएसए खिताब जीता। रथिका ने न्यूजीलैंड की मेडन ली के खिलाफ एक भी गेम नहीं गंवाया और 11-7, 11-6, 11-7 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी का यह साल का तीसरा चैलेंजर फाइनल था। एनएसडब्ल्यू ओपन में उपविजेता रहने के बाद यह उनका इस हफ्ते का दूसरा टूर्नामेंट था।

### विवाह बंधन में बंधी पहलवान पूजा ढांडा



**हिसार।** अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान पूजा ढांडा ने एक निजी रिसॉर्ट में विवाह के बंधन में बंध गईं। हिसार के सुंदर नगर निवासी पूजा ने जिले के घिराय गांव के व्यवसायी अभिषेक बूरा से शादी की। बुडापेस्ट में 2018 विश्व चैंपियनशिप में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक विजेता, पूजा ने 2010 युवा ओलंपिक और 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक के अलावा 2014 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था। वह वर्तमान में हिसार के महावीर स्टेडियम में हरियाणा खेल विभाग में वरिष्ठ कुश्ती कोच के रूप में कार्यरत हैं। पूजा ने कहा कि वह शादी के बाद भी कुश्ती ये सक्रिय रूप से जुड़ी रहेंगी।

### जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए रोहित बने कप्तान

**नई दिल्ली।** ड्रैग-फ्लिकर रोहित को तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए घोषित भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया। दिग्गज पीआर श्रीजेश की कोचिंग में अभ्यास कर रही भारतीय टीम को पूल बी में चिली, स्विट्जरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। ओमान को पाकिस्तान के हटने के बाद विश्व कप में शामिल किया गया है। कोच श्रीजेश ने कहा, 'हमने काफी जांच परख कर टीम का चयन किया है। इसके अधिकांश खिलाड़ियों को इस बड़े टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है।'

### केकेआर के गेंदबाजी कोच बने टिम साउथी



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर टिम साउथी को टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। साउथी ने 107 टेस्ट मैचों, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और 776 विकेट लिए हैं। साउथी अपने खेल करियर के दौरान आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम (2021, 2022, 2023) का हिस्सा रहे हैं। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने कहा, 'केकेआर मुझे हमेशा घर जैसा लगा है और इस नई भूमिका में वापसी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस फ्रैंचाइजी की संस्कृति अद्भुत है, प्रशंसक जुनूनी हैं और खिलाड़ियों का एक बेहतरीन समूह है।

## कोलकाता टेस्ट पहला दिन : भारत ने की अपनी स्थिति मजबूत

# बुमराह की धारदार गेंदबाजी, द.अफ्रीका को पहली पारी में 159 रन पर समेटा

### 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने 16वीं बार झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 37 रन बनाकर साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। अपना 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने पारी में 16वीं बार पांच विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के सर्वोच्च स्कोरर एडेन मारक्रम (31) और रियान रिकेल्टन (23) को चलता कर शुरुआती झटके देने के बाद शानदार लय में चल रहे टोनी डि जोर्जी (24) को पगबाधा किया। बुमराह ने चाय के विश्राम के बाद साइमन हार्मर (पांच) और केशव महाराज को पवेलियन की राह दिखाकर अपने पांच विकेट पूरे किए। बुमराह को कुलदीप यादव (36 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (47 रन पर दो विकेट) को अच्छा साथ मिला जबकि अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक सफलता हासिल की।



#### घरेलू सरजमीं पर जसप्रीत ने पूरे किए 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट

2016 में बुमराह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से भारत में तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवधि में बुमराह सबसे आगे हैं, जिन्होंने घरेलू मैदान पर 151 अंतरराष्ट्रीय विकेट झटके हैं। मोहम्मद शमी 132 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी उमेश यादव ने 96 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद सिराज ने 79 विकेट चटकाए हैं।

#### पहले दिन बुमराह ने किया कमाल

दक्षिण अफ्रीका का खिलाफ बुमराह ने अपने स्पेल में 27 रन दिए और आधी टीम को अकेले आउट कर दिया। इस तरह वो पिछले 17 सालों में किसी टेस्ट मैच के पहले दिन 5 बैटर्स को आउट करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने हैं। आखिरी बार किसी टेस्ट मैच के पहले दिन किसी गेंदबाज ने 5 विकेट लिए थे, तो वो डेल स्टेन थे। स्टेन ने 8 ओवरों में 23 रन दिए थे और साल 2008 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए थे।

#### इन गेंदबाजों ने बुमराह से पहले लिए थे 5 विकेट

बता दें कि 22 नवंबर साल 2019 में इशांत शर्मा ने 12 ओवरों में 22 रन देकर 5 विकेट लिए थे। ये टेस्ट कोलकाता में पिंक बॉल से खेला गया था। वहीं अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी ने बेंगलुरु टेस्ट में भारत के 5 बैट्र्स को आउट किया था। वहीं बुमराह के 5 विकेट उनके टेस्ट करियर का 16वां 5 विकेट हॉल है। अब तक सिर्फ 4 गेंदबाजों ने बुमराह से ज्यादा टेस्ट में 5 विकेट हॉल लिए हैं। भारत- साउथ अफ्रीका टेस्ट में जिन सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाजों में फिलहाल डेल स्टेन सबसे आगे हैं।

#### मारक्रम ने 23 गेंद खेलने के बाद खोला खाता

*दक्षिण अफ्रीका ने इससे टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और मारक्रम ने रिकेलटन के साथ टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मारक्रम को खाता खोलने में 23 गेंद लग गए लेकिन उन्होंने शानदार स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव के साथ शुरुआत की।*

## एशियाई चैंपियनशिप

# भारत का बोलबाला, अंकिता और धीरज ने जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया की सुहयोन को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने भी पुरुष रिकर्व स्पर्धा का खिताब जीत लिया।

अंकिता ने पांच सेट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में 7-3 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए महिला रिकर्व स्पर्धा जीती तो वहीं पुरुष वर्ग में धीरज ने हमवतन राहुल को फाइनल में 6-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। भारतीय दल ने अपने अभियान का समापन 10 पदकों के साथ किया, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल रहे। इससे भारत तालिका में शीर्ष पर रहा।

### अंकिता ने सेमीफाइनल में दीपिका कुमारी को हराया

■ अंकिता ने उलटफेर करते हुए सुहयोन को हराया

अंकिता ने इससे पहले सेमीफाइनल में सीनियर साथी और दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को हराया था। दोनों 5-5 से बराबरी पर थीं और शूट-ऑफ में भी दोनों तीरंदाजों ने नौ-नौ अंक बनाए। लेकिन अंकिता का तीर केंद्र के करीब था, जिससे वह खिताबी मुकाबले में पहुंच गईं। अंकिता ने फाइनल में पहला सेट 29-27 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट 27-27 से बराबरी पर रहा। नाम तीसरा सेट 28-26 से जीतकर बराबरी पर आ गईं। लेकिन चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज़ ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से 5-3 की बढ़त बना ली। इस भारतीय ने निर्णायक सेट में भी दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया।

# सूर्यवंशी के 144 रन से भारत ए ने यूएई को 148 रन से हराया

भाषा ▶▶| दोहा



युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले संयुक्त रूप से दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए जिनकी पारी के दम पर भारत ए ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स के मैच में शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात को 148 रन से हराया। सूर्यवंशी ने 42 गेंद में 11 चौकों और 15 छक्कों की मदद से 144 रन बनाये। कप्तान जितेश शर्मा ने 32 गेंद में 83 रन का योगदान दिया जिसकी मदद से भारत ए ने 20 ओवरों में चार विकेट पर 297 रन बनाये। यूएई की टीम जवाब में सात विकेट पर 149 रन ही बना सकी। भारत ए के बायें हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने 18 रन देकर तीन विकेट लिये। यूएई के लिये मध्यक्रम के बल्लेबाज शोएब खान ने 41 गेंद में 63 रन बनाये। सूर्यवंशी ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बराबरी की जिन्होंने 2018 में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ दिल्ली के लिये 32 गेंद में सैकड़ा जड़ा था। किसी भारतीय बल्लेबाज के सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से अभिषेक शर्मा और गुजरात के उर्विल पटेल के नाम हैं। दोनों ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी 2024 . 25 में 28 गेंद में शतक लगाया था। पिछले साल आईपीएल में पदार्पण करने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिये 38 गेंद में 101 रन बनाये थे। उन्होंने 35 गेंदों में शतक जमाया था जो टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक है। सूर्यवंशी ने नमन धीर (34) के साथ दूसरे विकेट के लिये 168 रन जोड़े। उन्होंने यूएई के स्पिनर हर्षित कौशिक के 11वें ओवर में चार छक्कों और एक चौके समेत 30 रन निकाले।


## ANKA INDIA LIMITED

CIN: L74900HR1994PLC033268
Regd Off: 6 Legend Square Sector 33 Gurugram-122003;
Phone No: 9820069933; Website: www.ankaindia.com

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEP, 2025**

Amount Rs. In Lac

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended (Unaudited) | | | Six Months Ended | | Quarter Ended | | Half Year Ended |
| | | 30-Sep-25 Unaudited | 30-Jun-25 Unaudited | 30-Sep-24 Unaudited | 30-Sep-25 Unaudited | 30-Sep-24 Unaudited | 30-Sep-25 Unaudited | 30-Jun-25 Unaudited | 30-Sep-25 Unaudited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 11.39 | 11.16 | 13.05 | 22.55 | 27.26 | 582.61 | 601.01 | 1183.61 |
| 2 | Net Profit for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | 4.65 | (20.18) | 10.11 | (15.53) | 18.44 | 9.64 | 1.80 | 11.43 |
| 3 | Net Profit for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 4.65 | (20.18) | 10.11 | (15.53) | 18.44 | 9.64 | 1.80 | 11.43 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 4.65 | (20.18) | 10.11 | (15.53) | 18.44 | 9.54 | (0.93) | 8.61 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 4.65 | (20.18) | 10.11 | (15.53) | 18.44 | 8.03 | 2.94 | 10.98 |
| 6 | Equity Share Capital (Having Face Value of Rs 10 Each) | 515.42 | 233.34 | 115.53 | 375.15 | 115.53 | 515.42 | 395.36 | 455.72 |
| 7 | Other Equity | NA | NA | NA | 2,436.38 | (78.91) | - | - | 80.45 |
| 8 | Earnings Per Share (before Extraordinary items) (Face Value of Re.10/- each) | | | | | | | | |
| | Basic: | 0.01 | (0.09) | 0.09 | (0.04) | 0.16 | 0.02 | 0.01 | 0.02 |
| | Diluted: | 0.01 | (0.09) | 0.09 | (0.04) | 0.16 | 0.02 | 0.01 | 0.02 |

**Notes:**

1. The above results are an extract of the detailed format of Statement of Standalone audited Financial Results for the Quarter and half year ended 30th Sep-2025 filed with BSE LTD. under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Statement of Standalone audited Financial Results for the Quarter and half year ended 30th Sep-2025 are available on the Stock Exchange websites at (www.bseindia.com) as well as on the Company's website at (www.ankaindia.com).
2. *-Referring to Note 3.1 to the financial statements, inventories amounting to ₹22,50,000/- have been lying idle for more than twelve months. The Company has not carried out an assessment of the net realizable value of these inventories as required under the applicable accounting framework [Ind AS 2 – Valuation of Inventories]. In the absence of adequate supporting documentation and audit evidence, we are unable to determine whether any adjustment is required to the carrying value of such inventories as at the reporting date. -Referring to Note 3.2 to the financial statements, intangible assets under development amounting to ₹6,99,84,393/- have been carried in the books for more than two years without any demonstrable progress in its development or indications of technical or commercial feasibility. The Company has not carried out an impairment assessment in accordance with the applicable accounting standards [Ind AS 38 – Intangible Assets and Ind AS 36 – Impairment of Assets]. In the absence of such an assessment, we are unable to ascertain whether any impairment loss is required to be recognized. -Referring to Note 3.3 to the financial statements, Company continues to recognize the minimum alternative tax paid in previous years amounting to Rs. 35,37,792/- as asset and expects the same to be adjusted against future tax payments. In our view, considering the history of losses and overall financial position of the Company, it is not prudent on part the company to recognize the same as assets, and the same is not in consonance with the provisions of ""Guidance Note on accounting for credit available in respect of Minimum Alternative Tax under the Income Tax Act, 1961."*

FOR AND ON BEHALF OF DIRECTORS
ANKA INDIA LIMITED
Sd/-
SULAKSANA TRIKHA
CHAIRMAN

Date:- 14/11/2025
Place:- Gurugram


# लक्ष्य ने किया उलटफेर सेमीफाइनल में मारी एंट्री



■ जापान मास्टर्स में कीन को 21-13, 21-17 से हराया

**कुमामोतो (एजेंसी)।** शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए कुमामोटो मास्टर्स जापान के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने 475,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 40 मिनट में 21-13, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने दोनों खिलाड़ियों के बीच 10 मुकाबलों में सातवीं जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया।

### सिंगापुर खिलाड़ी पर बनाया दबदबा

लोह ने दूसरे गेम में अच्छी वापसी की और शुरुआत में सेन के साथ 9-9 की बराबरी पर रहे। भारतीय खिलाड़ी ने दबदबा कायम करते हुए स्कोर को 15-9 कर ली। सिंगापुर के खिलाड़ी ने अंतर को 17-18 कर दिया लेकिन लक्ष्य ने अपनी पकड़ बनाए रखते हुए गेम के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस साल सितंबर में हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के अलावा डेनमार्क और हाइलो ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे दुनिया के 15वें नंबर के इस खिलाड़ी के सामने अंतिम चार में जापान के छठे वरीय और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोतो की चुनौती होगी।

## बांग्लादेश ने आयरलैंड को पारी और 47 रन से हराया

**सिलहट।** महमूदुल हसन जॉय (171 रन) और कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (100 रन) के शतकों की बदौलत बांग्लादेश ने पहले क्रिकेट टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 47 रन से हरा दिया। जॉय के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और शांटो के सैकड़े की बदौलत बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 587 रन के स्कोर पर पहली पारी घोषित की। आयरलैंड पहली पारी में 286 रन पर ढेर हो गया। बांग्लादेश को दूसरी बार बल्लेबाजी के लिए उतारने के लिए के लिए आयरलैंड को 301 रन बनाने थे। लेकिन आयरलैंड की टीम चौथे दिन दूसरे सत्र में दूसरी पारी में 254 रन पर आउट हो गई, जिसमें उसके लिए एंडी मैकब्राइन ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

### पीसीबी ने ठुकराया बांग्लादेश बोर्ड का निमंत्रण

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दिसंबर में श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेने के बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि बीसीबी अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करना चाहता था, लेकिन खिलाड़ियों के कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए पीसीबी को इस प्रस्ताव को ठुकराना पड़ा। अधिकारी ने कहा, 'हमने पहले ही बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी हारिस रऊफ, शादाब खान को दिसंबर-जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में भाग लेने के लिए एनओसी की अनुमति दे दी है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज, भिवानी | ब्लॉक तोशाम में गांव खरकड़ी सोहन में एडब्ल्यूसी का निर्माण (स्कीम-डीएमएफ) + 60 कार्य। | 12.11.2025 / 18.11.2025 | 765.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज, करनाल | गांव शामगढ़ ब्लॉक नीलोखेड़ी में सामान्य सामुदायिक हॉल को पूरा करना (वीएएनजीवाई-2024/25) | 12.11.2025 / 19.11.2025 | 4.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में कूड़ा-कर्कट पॉली बैग्स (काला) की खरीद हेतु निविदा। | 17.11.2025 / 08.12.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | कि.मी. 0.000 से 1.477 तक मीरपुर माइनर की आंतरिक गाद सफाई + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 10.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | करनाल जल सेवाएं उपमंडल, करनाल के तहत नीलोखेड़ी सेक्शन में विभिन्न पुलों के क्षतिग्रस्त पैरापेट्स की मरम्मत + 5 कार्य। | 10.11.2025 / 17.11.2025 | 10.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 6 | वन विभाग, सिरसा | डिमार्केशन कार्यों हेतु सार्वजनिक सूचना के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 21.11.2025 | 4.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 7 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 17.11.2025 / 03.12.2025 | ईएमडी 1.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 8 | बागवानी विभाग सीओई पिनंगवान, नूह | वर्ष 2025-26 हेतु सीओई, पिनांगवान (नूह) में 'न्यू एल्यूमीनेट नेट, ग्रीन शैड नेट, पॉलीनेट हाउस और संरक्षित संरचना में अन्य मदों की मरम्मत और स्थापना' हेतु पुनः आमंत्रण ई-निविदा। | 17.11.2025 / 25.11.2025 | 30,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/40353/I/88/7 दि. 14.11.25


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## पायलट सुरक्षित, वायुसेना ने दिए आंतरिक जांच के आदेश

# चेन्नई में दुर्घटनाग्रस्त हुआ वायुसेना का प्रशिक्षण विमान पिलाटस

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान पीसी-7 मार्क-2 (पिलाटस) चेन्नई के चेंगलपट्टू जिले में तांबरम के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित है और वायुसेना ने हादसे के असल कारणों का पता लगाने के लिए आंतरिक जांच यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) के आदेश दे दिए हैं। जिसके बाद यह साफ हो जाएगा कि यह हादसा कैसे हुआ? एक्स पर एक पोस्ट में वायुसेना ने बताया कि सिंगल सीटर पिलाटस विमान तांबरम के पास शुक्रवार दोपहर 2 बजकर 25 मिनट पर अपने एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान क्रैश हो गया।

हादसे के दौरान पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गया और जानमाल का भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। वहीं, सोशल मीडिया पर चले दुर्घटना के वीडियो से ये पता चलता है कि जिस जगह पर यह हादसा हुआ। वहां नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पायलट भी समय रहते पैराशूट की मदद से विमान से कूद गया। उसे कुछ मामूली चोटें आई। जिनका उपचार किया गया। विमान के जमीन पर बिखरे हुए मलबे से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसे काफी नुकसान पहुंचा है।



### आधे घंटे में एयरबेस की ओर रवानगी

14 नवंबर की दोपहर में जब ये हादसा हुआ। पायलट पैराशूट की मदद से विमान से बाहर कूद गया। उसे देखते ही इलाके के आसपास के गांव वाले तुरंत उसकी तरफ मदद के लिए दौड़े। उन्होंने पायलट को पानी दिया। चश्मदीदों के मुताबिक, दुर्घटना के वक्त पायलट घबराया हुआ था। इन सबके बीच लगभग आधे घंटे के अंदर घटनास्थल के पास सड़क पर वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर उतरा और उसकी मदद से पिलाटस के पायलट को तुरंत वापस एयरबेस की ओर ले जाया गया।

### 2025 में हुए मिराज, जगुआर के हादसे

पिलाटस के अलावा इस साल वायुसेना के कुछ अन्य विमान भी दुर्घटना का शिकार हुए हैं। जिनमें 2025 की शुरुआत में फरवरी महीने में मध्य-प्रदेश के शिवपुरी जिले में वायुसेना का एक मिराज-2000 प्रशिक्षण लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में हालांकि विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए थे। इसके बाद साल के मध्य में जुलाई महीने में राजस्थान के चूरू में बल का एक जगुआर लड़ाकू विमान हादसे का शिकार हो गया था। जिसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई थी।

### तीन चरणों में ट्रेंड होते पायलट

वायुसेना में युवा कैडेटों को लड़ाकू विमान उड़ाने के लिए तीन स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण लेना पड़ता है। शुरुआती चरण को बुनियादी चरण कहते हैं। उसके बाद मध्यवर्ती और अंत में उन्नत प्रशिक्षण चरण शामिल है। पहले बुनियादी चरण में पायलट को पीसी-7 मार्क-2 विमान दिया जाता है। जिसमें उसे उड़ान के लिए 65 घंटे और उसके पूर्वाभ्यास के लिए सिम्युलेटर पर 25 घंटे का प्रशिक्षण लेना होता है। इसके बाद मध्यवर्ती चरण में इंटरमीडिएट ट्रेनर जेट किरण मार्क-2 विमान पर पायलट को प्रशिक्षण लेना होता है। जिसमें उसे हवाई उड़ान के लिए 82 घंटे प्रदान किए जाते हैं। तीसरे और अंतिम चरण में हॉक विमानों पर पायलटों को उन्नत जेट प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी करनी होती है। जिसके लिए उन्हें उड़ान के सर्वाधिक 107 घंटे दिए जाते हैं। इस प्रकार से तीनों चरणों में उड़ान के लिए कुल करीब 254 घंटे एक पायलट को मिलते हैं। तीनों चरणों में उड़ान का सफल प्रशिक्षण लेने के बाद एक पायलट की लड़ाकू विमान उड़ाने की प्रक्रिया की शुरुआती होती है।

# यूएन महासचिव गुटेरेस से न्यूयॉर्क में हुई विदेश मंत्री जयशंकर की मुलाकात

***भारत की प्रगति, विकास के लिए यूएन महासचिव के स्पष्ट समर्थन के लिए दिया धन्यवाद***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव (यूएनएसजी) एंटोनियो गुटेरेस से एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। जिसमें वर्तमान में बनी हुई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और बहुपक्षवाद के प्रभावों पर उनके आकलन की सराहना की गई।

एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए विदेश मंत्री ने बताया कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव से हुई मुलाकात से प्रसन्नता हुई है। मौजूदा वक्त में वैश्विक व्यवस्था, बहुपक्षवाद पर उनके आकलन और विभिन्न क्षेत्रीय हॉटस्पॉट्स पर यूएन महासचिव के दृष्टिकोण की सराहना की गई। जयशंकर ने भारत की प्रगति, विकास के लिए एंटोनियो गुटेरेस के स्पष्ट और लगातार बने हुए समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने देश में यूएन महासचिव का स्वागत करने के लिए उत्सुकता जताई है।

■ जयशंकर ने भारत की प्रगति की दी जानकारी



### कनाडा से लौटते वक्त हुई मुलाकात

बताते चलें कि विदेश मंत्री की यूएन महासचिव से यह मुलाकात जी-7 के देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए की गई कनाडा की उनकी मौजूदा यात्रा के समापन के बाद स्वदेश लौटने से ठीक पहले हुई है। कनाडा में जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। जिसमें रुबियो ने दिल्ली के लालकिले के पास हुई बम धमाके की हालिया घटना को साफ तौर पर एक आतंकी हमले के रूप में स्वीकार किया था। इसके अलावा उन्होंने भारत की सराहना करते हुए कहा था कि नई दिल्ली मामले की गहराई से जांच करने में पूरी तरह से सक्षम है। इसलिए उसे अमेरिका की मदद की कोई आवश्यकता नहीं है। अमेरिका ने बम धमाके के इस प्रकरण में भारत को मदद देने की इच्छा जताई थी। अमेरिकी विदेश मंत्री के अलावा जयशंकर की भारत के कई अन्य वैश्विक भागीदार देशों के साथ भी बैठकें हुई थी।

**बैठक में शामिल हुआ भारतीय पक्ष**

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यूएन महासचिव के साथ हुई मुलाकात में जयशंकर के साथ यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और वरिष्ठ राजदूत पी.हरीश, उप-स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल और भारतीय मिशन में शामिल कई अन्य अधिकारी शामिल हुए।



To locate your nearest store and know more on 6366920017. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.